
हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)


www.naisochlive.com | पटना, मंगलवार, 03 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 279, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08



राशि खन्ना आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय सेलेब्रिटी की साप्ताहिक लिस्ट में...

## बाबा बागेश्वर को फिर मिली हत्या की धमकी, गिरफ्तारी की मांग



**एजेंसी, अमृतसर**

बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस पर आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग हिंदू संगठनों ने की है। जानकारी अनुसार मध्य प्रदेश स्थित बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बयान को लेकर पंजाब में बवाल मचा हुआ है। दरअसल 18 मार्च को मुरादाबाद में धीरेंद्र शास्त्री ने हरिहर मंदिर को लेकर एक बयान दिया था, जिसे पंजाब के सिख कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने अमृतसर स्थित हरमंदिर साहिब यानी गोल्डन टेंपल से जोड़ा है। इसे लेकर अब उसने पंडित धीरेंद्र शास्त्री को कथित धमकी दी कि उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है, चाहे जैसे मर्जी, उन्हें मार डालेंगे। बरजिंदर परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने की चुनौती दी और फिर जान से मारने की कथित धमकी भी दे डाली। यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी धीरेंद्र शास्त्री को धमकियां मिल चुकी हैं। पंजाब का जरुर यह पहला मामला है। यहां बताते चलें कि पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 से 30 नवंबर तक चले समागम से परवाना ने धीरेंद्र शास्त्री को धमकी दी थी। यही कारण है कि एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया और विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने पुलिस से आरोपी परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की है।

## कश्मीर में बर्फबारी जारी, मप्र-राजस्थान में पारा 10 डिग्री तक हुआ कम



**एजेंसी, नई दिल्ली**। कश्मीर के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में ठंड के मौसम का असर देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश के 10, राजस्थान के 8, उत्तर प्रदेश के 2, छत्तीसगढ़ के 2 शहरों में पारा 10डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया है। कश्मीर के मारवाह, किश्तवाड़ और बादवान में सीजन की पहली बर्फबारी देखने को मिली है। केंद्रीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार अगले 24 घंटों में हिमाचल के कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी होने के आसार हैं। इधर, 32 दिन बाद रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 300 से नीचे दर्ज किया गया।

## बांग्लादेश की स्थिति पर ममता ने जताई चिंता, कहा-केंद्र सरकार उठाए स्पष्ट कदम

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से इसके समाधान के लिए स्पष्ट कदम उठाने की मांग की है। सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या विदेश मंत्री. एस जयशंकर से संसद में इस मुद्दे पर बयान देने की मांग की। साथ ही, ममता ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार बांग्लादेश में शांति स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से संपर्क कर "शांति सैनिकों" की तैनाती सुनिश्चित करे। ममता बनर्जी ने इस स्थिति को देखते हुए कहा कि केंद्र सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार केंद्र के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी लेकिन बांग्लादेश में स्थिरता के लिए केंद्र को सक्रिय कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति अस्थिर है।



कुछ महीने पहले बड़े छात्र आंदोलन ने लंबे समय से सत्ता में रहीं प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद से हो रही हिंसा में 600 से अधिक लोग मारे गए और देश में अराजकता फैली हुई है। पूरे देश में हिंदू समुदाय पर 200 से अधिक हमले हो चुके हैं। हिंदुओं पर बर्बरता के कई वीडियो सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं जो दिल दहलाने वाले हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में बांग्लादेश शा कार्यभार संभाल रहे हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## आरोपित जो भाषा समझ सके, उसी में समझाया जाना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम फैसले में साफ किया है कि अगर अदालत में किसी आरोपित के खिलाफ सबूत ऐसी भाषा में रिकॉर्ड किए जाते हैं, जिसे वो समझता नहीं है तो ऐसी स्थिति में आरोपित को उसकी भाषा में ही समझाया जाना चाहिए। आरोपित के लिए उसका अनुवाद होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के एक मामले में आरोपित को बरी करते हुए पब्लिक प्रासिक्यूटर, लीगल एड और ट्रायल कोर्ट के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। कोर्ट ने इस फैसले की कॉपी सभी स्टेट लीगल सर्विस अथॉरिटी को भेजने का निर्देश दिया है।

## गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान भगदड़, 100 की मौत

**एजेंसी, कोनाक्री (गिनी)**। गिनी के सैन्य नेता ममादी डौंबौया के सम्मान में देश के दूसरे सबसे बड़े शहर एन'जेरेकोर में आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में कथित रूप से कम से कम 100 लोगों की जान चली गई। मृतकों में दर्जनों फुटबाल प्रशंसक और बच्चे शामिल हैं।इंडिपेंडेंट समाचार पत्र के अनुसार, रविवार को मैच में अराजकता तब शुरू हुई जब मेहमान टीम लाबे के प्रशंसकों ने रेफरी के फैसले का विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया। इससे मैदान पर भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा।

## किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद पुलिस ने कसी कमर




**एजेंसी, नई दिल्ली**। किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद दिल्ली पुलिस ने कमर कस ली है। किसानों के राजधानी आने की घोषणा के बाद दिल्ली पुलिस ने उनको आने से रोकने के लिए खास इंतजाम किए हैं। दिल्ली के चौतरफा बॉर्डर के साथ ही सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर ज्यादा एहतियात बरती जा रही है। दिल्ली पुलिस के पूर्वी रेंज के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि किसानों के दिल्ली मार्च को देखते हुए हमने पूर्वी दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर कड़े इंतजाम किए हैं। हमने बैरिकेडिंग की है, दंगा-रोधी उपकरणों से लैस पुलिस टीमों को तैनात किया गया है।

# अगर जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 फीसदी के नीचे गई तो समाज खत्म हो जाएगा

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने घटती जनसंख्या पर जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने हिंदुओं का नाम लिए बगैर भारत में उनकी घटती जनसंख्या पर चिंता जाहिर जताई है। उन्होंने कहा कि अगर समाज की जनसंख्या वृद्धि दर गिरते-गिरते 2.1 फीसदी के नीचे चली गई तो तब समाज को किसी को बर्बाद करने की जरूरत नहीं, वह खुद ही खत्म हो जाएगा। इसलिए कम से कम तीन बच्चे पैदा करना जरूरी है। नागपुर में एक सम्मेलन में भागवत ने कहा कि कुटुंब यानी परिवार समाज का हिस्सा है और हरेक कुटुंब इसकी इकाई है। भागवत ने भले ही ये संकेत हिंदुओं के संदर्भ में दिया है, लेकिन हकीकत ये है कि आज महंगाई, बेरोजगारी की मार झेल रहा आम आदमी के लिए तीन-तीन बच्चे पैदा करना और उनका पालन-पोषण करना कितना मुश्किल हो सकता है। जहां एक बच्चे के पालन पर ही अच्छा खासा खर्च होता है। जानते हैं कि देश में बच्चे पालना कितना महंगा हो सकता है। इस साल भारत बढ़ती आबादी की लंबी छलांग लगाते हुए चीन को पछाड़ कर जनसंख्या में दुनिया में नंबर वन पर आ गया। हालांकि, भारत में बहुसंख्यक हिंदू पिछली जनगणना में 80 फीसदी थे। जो अब इस साल तक उनकी जनसंख्या वृद्धि दर घटने से देश में उनकी कुल आबादी घटकर 78.9 फीसदी रह गई। वहीं, हिंदू आबादी अब भी देश में करीब 100 करोड़ है। दुनिया के 95 फीसदी हिंदू भारत में रहते हैं। वहीं, देश में मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर बढ़ी है। भारत में बच्चे के पालन-पोषण का बजट जगह, लाइफस्टाइल और व्यक्तिगत पसंद सहित कई तरह के फैक्टर्स पर निर्भर करता है। एक अध्ययन के मुताबिक एक बच्चे के जन्म से लेकर 18 साल तक के पालन-पोषण की अनुमानित लागत 30 लाख से लेकर 1.2 करोड़ रुपए तक आती है। यह शहरों और गांवों में परिस्थितियों के मुताबिक अलग-अलग हो सकती है। भारत में बच्चों की देखभाल की लागत माता-पिता के लिए एक वित्तीय बोझ हो सकती है। डेकेयर सुविधाओं, प्रीस्कूल फीस और स्कूल के बाद की गतिविधियों जैसे फैक्टर्स के आधार पर ये खर्च अलग-अलग हो सकते हैं। एक बच्चे की देखभाल की लागत औसतन 15,000 से 30,000 रुपए प्रति माह होती है। महानगरों के मुकाबले छोटे शहरों और गांवों में यह लागत कम हो सकती है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कपड़े, भोजन और पाठ्येतर गतिविधियां शामिल हैं। महंगाई और बदलती हाई-फाई जीवनशैली की वजह से ये खर्च बढ़ सकते हैं। हायर एजुकेशन के लिए ही अगर विदेश भेजना पड़ा तो यह रकम औसतन 25 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए तक हो सकती है। भारत में अच्छा जीवन जीने की लागत शहर, परिवार के आकार और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के आधार पर अलग-अलग होती है। 4 लोगों के परिवार के बेहतर रहन-सहन के लिए 50,000 से लेकर 1,00,000 रुपए तक महीना खर्च हो सकता है। अगर परिवार में बच्चे हैं तो यह रकम और बढ़ सकती है। माता-पिता के लिए बच्चे के पालन-पोषण में शिक्षा सबसे बड़ा खर्च होती है। प्री-स्कूल से लेकर उच्च शिक्षा तक, शिक्षा की लागत पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ रही है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अक्सर भारतीय माता-पिता के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होती है, जिससे वे अपनी आय का एक हिस्सा इस पर खर्च करते हैं।

## मुख्यमंत्री से विधायक सहितअन्यअधिकारियों ने की मुलाकात



**एजेंसी। रांची**

झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से विधायक इरफान अंसारी और संजीव सरदार ने मुलाकात की। दोनों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री से झारखंड मंत्रालय में आईपीएस विजय आशीष कुजूर के नेतृत्व में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ, झारखंड के प्रतिनिधि मंडल ने औपचारिक मुलाकात की । इसके अलावा मुख्यमंत्री से सचिव अबू बकर सिद्दीक और पुलिस महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री से झारखंड राज्य कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रतिनिधि मंडल ने औपचारिक मुलाकात की। इसके अलावा मुख्यमंत्री से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सदस्य डॉ. जमाल अहमद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से असम के सीएम हिमंत विस्वा ने की मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें अगले साल 24-25 फरवरी को गुवाहाटी में आयोजित होने वाले असम एडवांटेज 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर पोस्ट किया, "असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।" प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, "आज नई दिल्ली में मुझे विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का



मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। असम के लोगों की ओर से मुझे उन्हें फरवरी 2025 में असम निवेशक एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन और मेगा झुमुर प्रदर्शन को आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है।"

## कर संग्रह में प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए : राष्ट्रपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों से कहा कि इस नए और गतिशील युग में कर संग्रह में कम हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी का अधिक उपयोग करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर प्रशासन के क्षेत्र में नए विचार और नए समाधान लाने की जिम्मेदारी युवा अधिकारियों पर है। भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को



राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर व्यवस्था तथा साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। यह सेवा देश के कर प्रशासन में समानता को बढ़ावा देती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के कर प्रशासनों के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। आईआरएस अधिकारी देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं।

## संसद का शीतकालीन सत्र : हंगामे के चलते पांचवें दिन भी कार्यवाही बाधित, दोनों सदन स्थगित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र का आज सोमवार को पांचवां दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्षी सांसदों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके चलते कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। शीतकालीन सत्र के दूसरे सप्ताह के पहले दिन आज सोमवार सुबह 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्षी सांसदों ने गौतम अडानी समेत विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने के प्रयास में जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान अडानी समूह से जुड़े मामलों और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की। आज लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक पेश करने की संभावना थी, लेकिन हंगामे के चलते इसे भी टालना पड़ा है। इससे पहले पिछले हफ्ते भी चारों कार्यदिवस बिना किसी प्रगति के समाप्त हो गए थे। राज्यसभा में भी हंगामें की स्थिति लोकसभा जैसी ही रही। वहां भी विपक्ष के हंगामे के चलते कोई चर्चा नहीं हो सकी और कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। गौरतलब है कि पिछले सोमवार से शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान अब तक विपक्ष और सरकार के बीच गतिरोध बना हुआ है। सत्र के पहले दिन उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच तीखी बहस भी देखने को मिली थी। इसके बाद विपक्ष के सांसद लगातार हंगामा करते देखे गए और सदन की कार्यवाही स्थगित की गई। इस सत्र में कुल 19-19 बैठकें आयोजित होनी हैं, लेकिन हंगामे और गतिरोध के चलते कामकाज पूरी तरह हो पाएगा इस पर शंका जाहिर की जा रही हैं। सरकार और विपक्ष के बीच सहमति बनने तक संसदीय कार्यवाही के सामान्य रूप से चलने की संभावना कम ही नजर आती है।



# राम मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए खुलेगा अस्पताल, अपोलो के डॉक्टर देंगे सेवाएं



**एजेंसी, नई दिल्ली**

अयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट ने राम भक्तों के लिए एक नई पहल शुरु की है। अब यदि श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में स्वास्थ्य संबंधित कोई समस्या होती है, तो उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं। अब राम मंदिर परिसर में अस्पताल खोला जाएगा, जिसका संचालन अपोलो संस्था द्वारा किया जाएगा। इस अस्पताल में अपोलो के चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। रोज मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 80 हजार से ज्यादा होती है और त्योहारों के दौरान यह संख्या

**गर्मी या ठंड के कारण श्रद्धालु बीमार हो जाते हैं अब परिसर में ही मिलेगा इलाज**

बढ़ जाती है। दर्शनार्थियों को राम मंदिर में प्रवेश करने के लिए सुग्रीव किला से राम जन्मभूमि पथ तक करीब 1500 मीटर पैदल चलना पड़ता है। इस दौरान गर्मी या ठंड के कारण श्रद्धालु बीमार पड़ जाते हैं और उन्हें उपचार की जरुरत होती है। अब राम जन्मभूमि परिसर में ही एक विशेष तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र खोला जाएगा, जहां श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार की सुविधा दी जाएगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि अपोलो ग्रुप की ओर से राम जन्मभूमि परिसर में करीब 3000 स्क्वायर फीट में एक इमरजेंसी हेल्थ केयर सेंटर खोला जाएगा। इसका निर्माण शुरू हो गया है। अपोलो ग्रुप के डॉक्टर यहां पर अपनी सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि अक्सर भीड़-भाड़ के कारण श्रद्धालुओं को इलाज की जरूरत पड़ जाती है, और कई बार मौसम के कारण भी उनकी सेहत खराब हो जाती है। ऐसे में राम मंदिर परिसर में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध होना श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत की बात होगी।

# संक्षिप्त समाचार

## महिला संवाद यात्रा को फिजूलखर्ची बताने वालों के दामन पर भ्रष्टाचार के कई दाग : उमेश

» नारी सशक्तिकरण पर महापुरुषों के विचारों को नीतीश कुमार ने सरजमीं पर उतारा

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को राजद पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महिला संवाद यात्रा को फिजूलखर्ची बताने वालों के दामन पर भ्रष्टाचार के कई गहरे दाग हैं। सत्ता में रहते हुए राजद ने सरकारी खजानों पर डाका डालने का काम किया था लेकिन आज वही लोग फिजूलखर्ची का फर्जी ज्ञान बांचते नहीं थक रहे हैं। श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 19 वर्षों के कार्यकाल में महिलाओं को न्याय और गरिमा दिलाने के लिए जिस वैचारिक शुद्धता और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है, वैसा कोई दूसरा उदाहरण पूरे देश में नहीं। वहीं, दूसरी ओर 15 वर्षों के जंगलराज में महिलाओं की दुर्दशा भी जगजाहिर है। लालू-राबड़ी की सरकार ने कभी आधी आबादी के हितों की चिंता नहीं की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गांधी, जेपी, कपूर्री ठाकुर, डॉ लोहिया और डॉ अंबेडकर जैसे पुरोधा आधी आबादी को जो सम्मान और स्थान मिलने की बात करते थे, उसे हमारे नेता ने साकार किया है। नीतीश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई। साथ ही पुलिस में भी महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया और अब महिलाओं को सभी सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी, दहेजबंदी, बालविवाहबंदी, कन्या-सुरक्षा जैसे समाज-सुधार अभियानों के कारण महिलाओं की स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन हुए है और उनके जीवन-स्तर में स्पष्ट सुधार देखा जा सकता है। साथ ही जीविका कार्यक्रम के तहत 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है, जिससे महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व सफलता मिली है।

## बिहार के ऐतिहासिक मुक्तिदाता के रूप में उभर कर सामने आए नीतीश कुमार : जदयू

**पटना।** जदयू प्रवक्ता नवल शर्मा ने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार बिहार के ऐतिहासिक मुक्तिदाता के रूप में उभर कर सामने आए और 2025 में वो बिहार की जरूरत बन गए हैं। लालू राज के दलदल से बिहार को बाहर निकालने के लिए नीतीश कुमार ने अपनी बुद्धिमता से जिस आर्थिक और प्रशासनिक रणनीति का निर्माण किया यह उसी का नतीजा है कि बिहार विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ रहा है। लालू राज में तोड़ मरोड़कर रख दिए गए बिहार का विकास एक बेहद जटिल विषय है जिसके आर्थिक के साथ साथ सामाजिक और सांस्कृतिक पहलू भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं और पिछले उन्नीस वर्षों में नीतीश कुमार ने जितनी संजीदगी से इन सवालों का सामना और समाधान किया है वह अदभुत है। बिहार के चतुर्दिक विकास की पेचीदगियों की जितनी बारीक समझदारी सीएम नीतीश को है उसके चलते वह बिहार की आवश्यकता बन गए हैं।

## सीएचओ बहाली परीक्षा रद्द, 37 संदिग्धों से ईओयू की पूछताछ

**पटना।** बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति ने सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी की परीक्षा रद्द कर दी है। रविवार को ली गई परीक्षा और आज सोमवार को होने वाली परीक्षा दोनों को रद्द कर दिया गया है। राज्य स्वास्थ्य समिति की ओर से परीक्षा की अगली तारीख जारी की जाएगी। जानकारी के अनुसार कल हुई परीक्षा के दौरान ऑनलाइन सेंटर पर गड़बड़ी पाई गई थी। इसको लेकर परीक्षा रद्द की गई है। जांच एजेंसी की डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि जब छापेमारी की गई तो वहां से परीक्षा केंद्रों पर प्रॉक्सी सर्वर और रिमोट व्यू एप्लीकेशन ऐप सॉफ्टवेयर के जरिए अवैध तरीके से कंप्यूटर को सॉल्वर गैंग के द्वारा अनऑथराइज्ड एक्सेस लेकर रियल टाइम ऑनलाइन कंप्यूटर बेस पेपर को सॉल्व करने के सबूत मिले हैं। इस मामले में कळ मैनेजर/एग्जाम कोऑर्डिनेटर की भूमिका सामने आई है। पूरे बिहार में सीएचओ के 4,500 पदों पर बहाली होनी थी। कल पटना पुलिस ने सभी 12 ऑनलाइन सेंटर पर छापेमारी की थी। इधर, आर्थिक अपराध इकाई में 37 संदिग्धों से पूछताछ चल रही है। इनकी निशानदेही पर आज भी 12 जगह छापेमारी हो रही है। इधर संदिग्धों के परिजन ईओयू ऑफिस के बाहर जमा होने लगे हैं। रामकृष्ण नगर थाना प्रभारी अवधेश सिंह ने बताया कि 'संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। सभी को आर्थिक अपराध इकाई को पूछताछ के लिए सौंप दिया गया है।'थाना प्रभारी ने बताया कि 'आर्थिक अपराधी इकाई की ओर से सूचना मिली थी कि रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के कुछ सेंटरों पर गड़बड़ी होने की आशंका है। इसी आधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।' रविवार को परीक्षा शुरू होने के पहले ही पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी थी। पटना के सभी 12 सेंटर पर छापेमारी की गई थी। हिरासत में लिए गए लोगों से मिले चैट और ऑडियो के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया है।केन्द्रीय चयन पर्षद ने सिपाही भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में इस बार 1 लाख 7 हजार 79 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। 7, 11, 18, 21, 25 और 28 अगस्त, 2024 को सिपाही भर्ती परीक्षा हुई थी। यह परीक्षा बिहार पुलिस कॉन्स्टेबल के 21 हजार 391 रिक्त पदों को भरने के लिए ली गई थी। इस भर्ती परीक्षा में लगभग 17 लाख 87 हजार 720 उम्मीदवारों ने आवेदन दिया था। वहीं इस परीक्षा में 12 लाख के करीब कैंडिडेट शामिल हुए थे। पूरी खबर पढ़ें।

## बिहार की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करेगा पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट : सीएस

» कैमूर में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट से बिजली आपूर्ति होगी सुदृढ़

» पिक समय पर अतिरिक्त और विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में कदम

**पटना।** मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा की अध्यक्षता में हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में बिहार में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट के विकास पर चर्चा की गई। बैठक में ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल; बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार; वन विभाग के प्रिंसिपल चीफ कंजर्वेटर और सतलुज जल विद्युत निगम के सीजीएम राकेश सहगल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्र सरकार ने बिहार में पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन के लिए सतलुज जल विद्युत निगम को नोडल एजेंसी नियुक्त किया है।कैमूर जिले के हथियादह, पंचगोटिया, तेलहरकुंड और दुर्गावती क्षेत्रों में एसजेवीऐनल ने संभाव्यता अध्ययन और तकनीकी सर्वेक्षण किया, जिसमें सिनाफर को 1000 मेगावाट क्षमता के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया। यह स्थल कैमूर वाइल्डलाइफ सेंचुरी के निकट है। इस परियोजना से प्रस्तावित वार्षिक ऊर्जा उत्पादन 3306.62 एमयू होगा। ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट राज्य की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह तकनीक विशेष रूप से पीक आवर्स (उच्चतम बिजली खपत के समय) के दौरान विश्वसनीय और अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इससे न केवल बिजली कटौती की समस्या का समाधान होगा, बल्कि औद्योगिक और घरेलू उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलेगी। पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट ग्रिड स्थिरता को मजबूत करेगा और अक्षय ऊर्जा संसाधनों जैसे सोलर और विंड एनर्जी के बेहतर उपयोग में मददगार साबित होगा। इसके अलावा, यह परियोजना ऊर्जा भंडारण क्षमता को बढ़ाते हुए राज्य को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करेगी।

# बिहार सरकार द्वारा आयोजित फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर मीट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने लिया हिस्सा

नई सोच एक्सप्रेस

» निवेशकों ने निवेश करने की जाहिर की इच्छा

» फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर मीट ने एग्रो इंडस्ट्री में बिहार की उभरती तस्वीर प्रस्तुत किया





**पटना।** बिहार बिजनेस कनेक्ट 2024 के परिपेक्ष्य में आयोजित फूड प्रोसेसिंग इन्वेस्टर मीट में देश दुनिया के बड़े निवेशकों ने न केवल भाग लिया बल्कि राज्य में निवेश की इच्छा भी जताई। राजधानी पटना के होटल ताज में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री श्री चिराग पासवान मुख्य अतिथि के रूप में और राज्य के उद्योग मंत्री श्री नीतीश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही राज्य के मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीना व विभाग के शीर्ष अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में बिहार की बदलती तस्वीर के बारे में बात करते हुए, श्री चिराग पासवान ने कहा, "बिहार में अनंत संभावनाएं हैं जिसका पूर्ण इस्तेमाल करने के लिए सरकार तत्परता से काम कर रही है। विकसित भारत बनने का सपना साकार करने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी, यदि हम यहां उपस्थित अवसरों का लाभ उठाने में सफल हुए। हमारा समाज तेजी से बदल रहा है, जिसमें प्रोसेस्ड फूड की मांग लगातार बढ़ने वाली है। ऐसे में इस क्षेत्र में निवेश का यह सबसे अच्छा समय है। बिहार बहुत सारे उत्पादों, जैसे लीची व मखान, का प्रमुख उत्पादक है, जिसका इस्तेमाल कर निवेशक अपने बिजनेस को बढ़ा सकते हैं और किसानों की आय बढ़ाने के राज्य और केंद्र सरकार के प्रयासों में सक्रिय योगदान दे सकते हैं। केंद्र सरकार और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय बिहार और निवेशकों को हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।" इस कार्यक्रम में 14 एलओआईए(आशय पत्रों) पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें 2,181 करोड़ के निवेश और 4,175 नई नौकरियों के सृजन की बात की गई है। ये एलओआईए बिहार के कृषि-औद्योगिक क्षेत्र को और उच्च स्तर तक ले जाने के इरादे को दर्शाती है। प्रमुख निवेशों में Grus & Grade प्राइवेट लिमिटेड की पूरी तरह से स्वचालित हाई-टेक पोहा प्लांट और जैव-ईंधन उत्पादन व अन्य पहलों के लिए 905 करोड़ की परियोजनाएं शामिल है। इसके अलावा SLMG बेवरेजेस की 700 करोड़ की कोका-कोला बॉटलिंग यूनिट, और बाबा एग्रो फूड की 160 करोड़ की हाई-टेक आटा मिल भी शामिल है। साथ में आनंद डेयरी का 50 करोड़ का डेयरी प्लांट, मधुबनी मखाना प्राइवेट लिमिटेड की 25 करोड़ की मखाना प्रसंस्करण इकाई, और Neeramay फूड्स की 27 करोड़ की बिस्किट निर्माण फैसिलिटी जैसी परियोजनाएं भी शामिल हैं। ये परियोजनाएं बिहार के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई ऊंचाई तक ले जाने, निर्यात को प्रोत्साहित करने और स्थानीय रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगी। राज्य सरकार के प्रयासों और बिहार में निवेशकों के अनुकूल परिस्थितियों के बारे में बात करते हुए, श्री नीतीश मिश्रा ने कहा, "बिहार लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर बिजनेस पार्क के विकास तक हमारी सरकार बिहार की तरक्की को लेकर समर्पित है। राज्य अभी निवेश के लिए सुनहरा अवसर प्रदान कर रहा है। निवेशकों रुचि और सरकार की तत्परता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि पिछले कुछ महीनों में हमने 5500 करोड़ के निवेश की स्वीकृति दी है। साथ ही हमने सब्सिडी और इंसेंटिव का लाभ निवेशकों को बड़ी आसानी से उपलब्ध कराया है। बिहार में निवेश करके निवेशक आस पास के देशों के बाजार का भी लाभ उठा सकते हैं। उदाहरण के लिए बिहार से भारत का लगभग 50 हजार करोड़ का निर्यात होता है।" राज्य में निवेशकों की बढ़ती रुचि के बारे में बात करते हुए, श्री अमृत लाल मीना ने कहा, "बिहार की कृषि योग्य अनुकूल भूमि और उन्नत कृषि निवेशकों को बहुत बड़ा अवसर प्रदान करती है। नीतियों में अनुकूल सुधार और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस के साथ हम एक मजबूत इकोसिस्टम के निर्माण के लिए समर्पित हैं जो आर्थिक विकास को गति देगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अनेकों अवसर पैदा करेगा।" इस कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार ने बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की बदलती तस्वीर को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही सरकार ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों, पहलों, और राज्य में मौजूद अवसरों से भी निवेशकों को अवगत कराया। इस क्षेत्र के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए विकास आयुक्त, बिहार सरकार, श्री प्रत्यय अमृत ने कहा कि इस कार्यक्रम में आयोजित संवाद सत्रों से निवेशकों को इस क्षेत्र को और बिहार में बढ़ते अवसरों जानने का मौका मिला। साथ ही, कार्यक्रम ने निवेशकों को एक दूसरे के साथ काम करने के अवसरों को जानने का मौका भी प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में श्री चिराग पासवान और श्री नीतीश मिश्रा ने संयुक्त रूप से मीडिया को संबोधित किया और उनके सवालों का उत्तर दिया।

# महात्मा गांधी नशा मुक्त भारत का सपना देखा था : प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से बैकठपुर में लोगो ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प। पटना से आयी अंजू बहन के सबो को संकल्प दिलाया । वहीँ देश के चर्चित गांधीवादी प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि गाँधीयन सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन, राष्ट्रीय युवा योजना की ओर से महात्मा गांधी जी के व्यक्तित्व पर डिजिटल भाषण प्रतियोगिता मोहन से महात्मा तक का सफर दुनिया को प्रभावित कर रहा है। महात्मा गांधी जी के सत्य अहिंसा पर चलकर ही विश्व मे शांति स्थापित किया जा सकता है। साउथ अफ्रीका से रंग भेद के खिलाफ गाँधी जी ने विगुल फूंका और भारत के आजादी में इन्होंने अहम भूमिका निभाई। 1936 से 46 तक सेवा ग्राम वर्धा में रहकर इन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते रहे। फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर आर्यन रंजन ने बताया कि महात्मा गांधी के जीवनी के ऊपर पाँच से सात मिनट का बीडीओ बनाकर अपलोड करें। इसमे कोई उम्र की सीमा नही है। प्रथम पांच लाख, दूसरा तीन लाख,तीसरा दो लाख एवं पचास दस हजार का सांत्वना पुरस्कार रखा गया। सभी शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बिहार से अधिक से अधिक विडिओ अपलोड कराने का लक्ष्य रखा है।इसको लेकर नेहरू युवा केन्द्र, विश्व युवक केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना,एनसीसी, युवा मंडल,सर्वोदय मंडल,एनजीओ के साथ सम्पर्क स्थापित किय जा रहा है।

# संसदीय व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाने में नेवा अधिक कारगरः सभापति अवधेश नारायण सिंह

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि आधुनिक डिजिटल टेक्नोलॉजी का सदुपयोग कर परिषद् के सदस्यगण जनहित से जुड़े अधिक विषयों को सदन में उठा पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है कि पूरे देश में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन्स (नेवा) सबसे पहले बिहार विधान परिषद् में ही लागू हुआ और पारदर्शी संसदीय व्यवस्था के लिए सरकार के मंत्री एवं परिषद् के सदस्यगण इसका खूब उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिषद् में अल्पसूचित एवं तारांकित प्रश्न, ध्यानाकर्षण, शून्यकाल, सदस्यों के गैर सरकारी संकल्प, कार्य स्थगन और निवेदन आदि डिजिटल माध्यम से ही परिषद् सचिवालय द्वारा लिया जाता है। अब संसदीय कार्यों में कागज का उपयोग नाममात्र ही हो पाता है। उन्होंने कहा कि सदन में सदस्यों की सीट पर लगाए गए टैब को नए सिरे से व्यवस्थित करने तथा अद्यतन निर्मित उपकरण लगाने पर भी विचार किया जा रहा है। नीति आयोग के निर्देश पर और भारत सरकार की संसदीय कार्य मंत्रालय की अनुशंसा पर 'ग्राम' की चार सदस्यीय समिति परिषद् में नेवा का मूल्यांकन करने हेतु आई है। यह 2 से 6 दिसम्बार, 2024 तक परिषद् में नेवा के विभिन्न उपयोगकर्त्ता से साक्षात्कार करेगी। इस क्रम में समिति द्वारा आज माननीय सभापति का साक्षात्कार् लिया गया, सदन वेश्म् का अवलोकन किया गया एवं प्रश्न शाखा के अधिकारियों से विमर्श किया गया। इस समिति द्वारा परिषद् के सदस्यगण, पदाधिकारीगण, नेवा का उपयोग करने वाले संसदीय शाखाओं के साथ-साथ राज्य सरकार के सी.पी.एम.यू. के सदस्यगण, कुछ विभागों के नेवा नोडल अधिकारियों से विमर्श भी करेगी। समिति में ग्रासरूट रिसर्च एंड एडवोकेसी मूवमेंट (ग्राम) की उप निदेशक (शोध) डॉ. अनन्या समझदार, डॉ. श्वेता ऋचा, डॉ. नवीन कुमार और अमित दुबे हैं। नेवा मूल्यांकन में परिषद् में नेवा के नोडल अधिकारी भैरव लाल दास, सहायक प्रोग्रामर सैयद सआदत नजीर आदि सहयोग कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय युवा उत्सव के लिए निबंधन शुरू

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव 2025 में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेतु विकसित भारत में युवाओं की अधिक से अधिक सहभागिता के लिए जहानाबाद जिले के एस एस कालेज के प्राचार्य प्रो कृष्णा नंद, प्रोफेसर श्री विनोद कुमार राय, तथा एस एन कालेज के प्राचार्य डॉ अरूण कुमार रजक,श्री मनीष कुमार जिला स्पोर्ट्स खेलों इंडिया, जहानाबाद के अतिरिक्त श्री कुंदन कुमार अम्बेडकर कल्याण छात्रावास में माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण एवं quiz 2.my gov.in पर समस्त छात्र छात्राओं को डिजिटल क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवाहन किया गया। कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र जहानाबाद के लेखा एवं कार्यक्रम प्रवेक्षक, विक्रम कुमार, युवा नेता, श्री सिद्धी एम टी एस जहानाबाद का सराहनीय योगदान रहा जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र जहानाबाद, युवा मंडल अधिक से अधिक युवा 13 से 29 आयु वर्ग के अपना निवन्धन कराये। राजयनिदेशक एसपी सिंह ने बताया कि बिहार में दो लाख का लक्ष्य रखा गया है इसे पूरा करने में महाविद्यालय, युवा मंडल ,एनजीओ का सहयोग लिया जा रहा है।

# नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार ने सराहनीय कार्य के लिए जय कुमार सोनी (संबंधित) को सम्मानित किया

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा (पटना)।** नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा जय कुमार सोनी (सम्बोधित) को दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा और कार्तिक पूर्णिमा में स्वच्छता अभियान सहित अन्य सराहनीय कार्यों के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नगर परिषद्, फतुहा के सभागार में एक समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में नगर परिषद्, फतुहा की मुख्य पार्षद, रूपा कुमारी, उप मुख्य पार्षद, अंजनी कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी, विनय कुमार, नगर प्रबंधक, साकेश सिन्हा,सदस्य संयुक्त स्थाई समिति के संतोष कुमार सभी पार्षदों के कर - कमलों से स्वच्छता अभियान के साथ अन्य सराहनीय कार्यों के लिए जय कुमार सोनी (संबोधित) प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जय कुमार सोनी के द्वारा संचालित व्यापक स्वच्छता अभियान, सुनियोजित सुरक्षा व्यवस्था, छठ पूजा में गंगा घाटों पर बैरेकेटिंग की उत्तम व्यवस्था के लिए काफी सराहा गया।

# नेपाल में तस्करी कर ले जानेवाले पशुओं को रोकने का आग्रह

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** विश्व प्राणी कल्याण मंडल के प्रेसीडेंट दयानंद स्वामी ने आज गांधी मैदान के समीप बिहार चैंबर आफ कामर्स के सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 8 और 9 दिसंबर को नेपाल के गढ़ीमाई मेले में इस वर्ष भी लाखों की संख्या में भैंस के पाड़ा की बलि देने की योजना है। इस पशुबलि को रोकने के लिए दयानंद स्वामी ने नेपाल के सीमावर्ती जिले पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी,मधुबनी, सुपौल,अररिया एवं किशनगंज के डी एम , एस पी एवं आमजनों से भी आस्था के नाम पर क्रूरता से बाज आने को कहा है। स्वामी दयानंद के साथ संवाददाता सम्मेलन में पद्मश्री विमल जैन एवं रमेशजी कामदार ने बताया कि भारत और नेपाल के भी सुप्रीम कोर्ट ने पशु बलि रोकने का आदेश दिया है, परन्तु लोक आस्था के नाम पर चोरी छिपे मूक पशुओं की बलि देकर गलत करते हैं, यह कानूनन अपराध है। स्वामी दयानंद ने कहा कि पशु बलि छोड़ो नारियल फोड़ो। सीमावर्ती जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को संभावित पशु क्रूरता रोकने के लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डा एन विजय लक्ष्मी ने भी आदेश दिया है कि अपने अपने जिलों के अंतर्गत बिहार से नेपाल जाने वाले सभी सड़कों एवं अन्य मार्गों पर निगरानी बरती जाये एवं आवश्यक कार्रवाई की जाये। सशस्त्र सीमा बल को भी इस संबंध में सूचित किया गया है।

# महिलाओं के लिए बने अस्थाई रैन बसेरे के पास रहेगी पिंक टॉयलेट

नई सोच एक्सप्रेस

» द्वारा रैन बसेरों के केयर टेकर के साथ बैठक सह कार्यशाला का आयोजन

**पटना।** आश्रयविहिनों के लिए ठंड से बचाव हेतु निशुल्क रैन बसेरे संचालित किये जा रहे है। सोमवार को पटना नगर निगम के पदाधिकारियों एवं राज स्तरीय आश्रय स्थल अनुश्रवण समिति की सदस्य सुश्री डॉरोथी फर्नांडिंस द्वारा अस्थाई आश्रय स्थल के कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। आर ब्लॉक स्थित पटना नगर निगम के स्थाई रैन बसेरे में सभी अस्थाई रैन बसेरे के केयर टेकर एवं अन्य कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षित करने के साथ ही उनकी समस्या को भी पदाधिकारियों द्वारा सुना गया। गौरतलब है कि अधिकांश अस्थाई आश्रय स्थल के पास शौचालय की सुविधा है। परंतु महिला रैन बसेरों के पास विशेष रूप से पिंक टॉयलेट एवं लू कैफे की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही कर्मियों को आश्रयविहिनों का रिकॉर्ड मेंटेन करने एवं उनसे सौहार्दपुर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि रैन बसेरे में शहरवासियों को यहां निशुल्क बेड (चौकी), बेडशीट, कंबल, पेयजल, शौचालय सहित कई सुविधा दी जाएगी। गौरतलब है कि सभी अंचल में इसका निर्माण करवाया गया है जिससे आमजनों को नजदीक में ही सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सभी रैन बसेरो में सुरक्षा के उपक्रण अग्निशामक यंत्र, आंगतुको के लिए रजिस्टर, टेबल एवं कुर्सी सहित अन्य सुविधाएं भी मौजूद है। इसके साथ ही रैन बसेरे की सीसीटीवी कैमरे द्वारा मॉनिटरिंग भी की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान उप नगर आयुक्त, सिटी मिशन मैनेजर सहित नगर निगम के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल एवं मुजफफ्रपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार अब चलेगी दिसंबर माह के अंत तक

**हाजीपुर**। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये पटना से नई दिल्ली एवं मुजफ्फरपुर से आनंद विहार के लिए चलायी जा रही क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है । अब ये दोनों क्लोन स्पेशल दिसंबर, 2024 के अंत तक परिचालित की जाएगी । गाड़ी सं. 02393 पटना-नई दिल्ली स्पेशल (संपूर्ण क्रांति क्लोन स्पेशल) के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब पटना से 01.12.2024 से 31.12.2024 तक प्रत्येक गुरूवार को छोड़कर चलाया जायेगा । गाड़ी सं. 02394 नई दिल्ली-पटना स्पेशल (संपूर्ण क्रांति क्लोन स्पेशल) के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब नई दिल्ली से 02.12.2024 से 01.01.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को छोड़कर चलाया जायेगा । गाड़ी सं. 05283 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब मुजफ्फरपुर से 02.12.2024 से 31.12.2024 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा । गाड़ी सं. 05284 आनंद विहार-मुजफ्फरपुर स्पेशल क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 03.12.2024 से 01.01.2025 तक प्रतिदिन चलाया जायेगा ।

### विकलांगता के विषय में गर्भावस्था से ही आरंभ होना चाहिए चिंतन

» हेल्थ इंस्टिच्युट में विश्व विकलांग दिवस पर 5दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए -डा सी पी ठाकुर ने कहा



**पटना**। विकलांगता का विषय बहुत बड़ा है। गर्भावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक इस विषय पर चिंतन होना चाहिए। यदि गर्भवती स्त्री और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य का उचित ध्यान नहीं रखा गया तो शिशु जन्मजात विकलांग हो सकता है। जन्म के बाद भी कुपोषण और रोग विकलांगता के कारण हो सकते हैं। वृद्धावस्था तो स्वयं अनेक प्रकार की विकलांगता का कारण है। यह बातें सोमवार को बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में, विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर आयोजित पाँच दिवसीय समारोह का उद्घाटन करते हुए, पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण डा सी पी ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था में ग़लत दवाइयाँ, एक्स-रे का रेडियेशन और नशे की लत भी गर्भस्थ शिशु में विकलांगता की कारण हो सकती हैं। इसलिए हमें हर स्तर पर सतर्क रहना चाहिए। विकलांग बच्चों को अपशब्द कहकर हतोत्साहित नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें उत्साहित करना चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगता के विषय में सोचना केवल ऊँ लोगों के विषय में ही चिंतन करना नहीं है, जो विकलांग हैं, बल्कि स्वयं के बारे में भी सोचना है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति किसी दुर्घटना अथवा किसी बड़े रोग के कारण कभी भी विकलांग हो जा सकता है। इसीलिए कभी भी किसी विकलांग के प्रति हामारे मन में घृणा अथवा हीनता की भावना नहीं चाहिए। सभा की अध्यक्षता करते हुए, संस्थान के निदेशक-प्रमुख और सुप्रसिद्ध साहित्यकार डा अनिल सुलभ ने कहा कि बिहार में दिव्यांगजनों के सम्यक् पुनर्वास के लिए यह नितान्त आवश्यक है कि प्रादेशिक मंत्रिपरिषद में 'दिव्यांगता निवारण और पुनर्वास' के रूप में एक अलग विभाग सृजित किया जाना चाहिए। जब इसके अलग से मंत्री और विभागीय सचिव समेत अन्य अधिकारी होंगे, जैसा कि केंद्र में एवं अनेक प्रांतों में भी है, तभी विकलांगता-पुनर्वास का चुनौती भरा कार्य उचित रूप में संभव हो सकेगा। उन्होंने तीन वर्षों से रिक्त पड़े राज्य निःशक्तता आयुक्त की शीघ्र नियुक्ति का भी आग्रह किया। बिहार नेत्रहीन परिषद के संस्थापक महासचिव और सुविख्यात नेत्र-दिव्यांग डा नवल किशोर शर्मा ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों की चिंता किसी को नही है। दिव्यांगता पेंशन की राशि चार सौ रूपए मात्र है, जिससे कुछ दिन का भोजन भी नहीं हो सकता। १० वर्षों से उच्चशिक्षा में छात्र-वृत्ति नहीं मिल रही है। राज्य में एक भी राजकीय नेत्रहीन बालिका विद्यालय नहीं है। पेंशन की राशि बढ़ाकर कमसेकम पाँच हज़ार की जानी चाहिए। सुप्रसिद्ध समाजसेवी दीपक ठाकुर, डा रूपाली भोवाल, दिव्यांग प्राध्यापक प्रो कपिल मुनि दूबे तथा प्रो मधुमाला कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, प्रो संजीत कुमार, डा नवनीत कुमार, डा आदित्य कुमार ओझा, प्रो चंद्रा आभा, प्रो प्रिया कुमारी तथा सूबेदार संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, कर्मीगण तथा छात्रगण उपस्थित थे।

### दानापुर रेल मंडल में सेवानिवृत्त 16 रेलकर्मियों का किया गया "समापक भुगतान"



**खगौल**। पूर्व मध्य रेल, दानापुर रेल मंडल द्वारा आज दिनांक 2.12.2024 को नवंबर 2024 माह में सेवानिवृत्त हुए 16 रेलकर्मियों को दानापुर, सभागार में "समापक भुगतान एवं विदाई" दिया गया। इसमें रेलसेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित रेल अधिकारी एवं कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर श्री जयंत कुमार चौधरी द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई । कार्यक्रम की शुरुआत वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया; जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद,स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने "समापक भुगतान" की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। जीवन में आनंदमय रहने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है, साथ ही साथ सामाजिक रूप से भी सक्रिय रहना है। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर,होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक के डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीर्घायु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपुर्वक बताया गया। इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं एसोसिएशन के सदस्य तथा अन्य लोग उपस्थित रहें।

# देश का सबसे बड़ा व दुनियां के दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल होगा पीएमसीएच : आयुक्त

## विश्वसनीय व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

नई सोच एक्सप्रेस

» 1 जनवरी, 2024 से 28 नवम्बर,2024 तक ओपीडी में 4,66,996 मरीजों को देखा गया 19,21,519 पैथोलोजी टेस्ट किया गया




**पटना**। प्रमंडलीय आयुक्त मयंक वरवड़े ने कहा कि सुदृढ़, विश्वसनीय व गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना, सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अस्पताल के सुचारू काम-काज व सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहना होगा। वे सोमवार को आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पीएमसीएच के रोगी कल्याण समिति की समीक्षात्मक बैठक को संबोधन कर रहे थे। आयुक्त ने कहा कि विकसित बिहार व आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय में सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुविधा के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सम्पूर्ण तंत्र तत्पर रहे। प्रभावी, कुशल एवं उत्तरदायी प्रणाली को क्रियाशील रखें। गौरतलब हो कि प्रमंडलीय आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से आने वाले समय में पीएमसीएच देश का सबसे बड़ा व दुनियां का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल होगा। वर्तमान में यहाँ 1,750 बेड है। जिसे बढ़ाकर 5,542 किया जा रहा है। अतः इसके बेहतर-से-बेहतर संचालन के लिए सभी हितधारकों को प्रतिबद्ध रहना होगा। आयुक्त ने अस्पताल के प्रबंधन तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आयुक्त मयंक वरवड़े ने कहा कि दूर-दराज व वंचित समुदाय के लोगों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा ही एक मात्र स्रोत है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी प्रणाली की रीढ़ है। जो सभी नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के इलाज को प्राथमिकता दी जाए। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को पीएमसीएच एवं आईजीआईसी के क्षेत्र को पूर्णतः अतिक्रमण-मुक्त रखने का निर्देश दिया गया। इसके लिए दोनों संस्थानों का इन्टिग्रेटेड स्टडी कर समेकित एक्शन प्लान बनाकर क्रियान्वयन करने का निदेश दिया गया। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा नगर आयुक्त को पीएमसीएच के रास्ते में जेपी गंगापथ के निकास तथा प्रवेश द्वार के पास अतिक्रमण कर लगाए गए बाहरी दुकानों तथा एम्बुलेंस के विरूद्ध प्रभावी ढंग से विशेष अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाकर सामानों की विधि-सम्मत जप्ती करने का निर्देश दिया गया। के इस बैठक में रोगी कल्याण समिति द्वारा प्रस्तावित एजेंडा पर एक-एक कर चर्चा की गई। अस्पताल के प्रबंधन एवं संचालन पर विस्तृत विमर्श किया गया। मरीजों के हित में दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता, इमर्जेंसी, ऑपरेशन, पैथोलोजी, एमआरआई, अल्ट्रासाउण्ड एवं अन्य सुविधा, स्वच्छता सहित विभिन्न बिन्दुओं पर अधीक्षक, पीएमसीएच-सह-सदस्य-सचिव, रोगी कल्याण समिति, पीएमसीएच द्वारा उपस्थापित प्रस्तावों एवं प्रतिवेदन पर समिति के सदस्यों ने चर्चा की। अधीक्षक, पीएमसीएच द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि पीएमसीएच में भर्ती मरीजों को वार्ड में स्थानांतरण, मरीजों की जाँच का कार्य, डॉक्टर्स कॉल तथा अस्पताल में दवा सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु 02 (दो) वाहन/एम्बुलेंस की आवश्यकता है। प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा अधीक्षक को वितीय नियमों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए 02 एम्बुलेंस क्रय करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त द्वारा उप महाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल को एक महीने के अंदर संस्थान के लिए आवश्यक सभी मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।अधीक्षक, पीएमसीएच द्वारा आयुक्त मयंक वरवड़े के संज्ञान में लाया गया कि दिनांक 01.08.2024 को आयोजित रोगी कल्याण समिति की विगत बैठक में आयुक्त द्वारा दिए गए निदेशों का सम्यक अनुपालन किया गया है। रोगियों के कल्याण हेतु सम्पूर्ण तंत्र सजग एवं सतत प्रयत्नशील है। अस्पताल में आने वाले रोगियों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराते हुए समुचित इलाज की सुदृढ़ व्यवस्था है। इमरजेन्सी में आने वाले मरीजों का समुचित इलाज किया जाता है। संस्थान में मरीजों एवं उनके परिजनों के उपयोग हेतु शौचालय तथा स्नानागार का दैनिक रख-रखाव बेहतर ढंग से सरकार द्वारा चयनित एजेंसी सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किया जा रहा है। जीविका द्वारा संचालित ''दीदी की रसोई'' से मरीजों को पथ्य सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ मरीजों के परिजनों, चिकित्सकों एवं कर्मियों को भी गुणवत्तापूर्ण आहार प्राप्त होता है। आयुक्त द्वारा अधिकारियों को एजेंसियों के कार्यों का लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। अधीक्षक, पीएमसीएच द्वारा आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि अस्पताल में मरीजों के लिए एक्स-रे, ब्लड, इको, ईसीजी, ईईजी, हॉल्टर, एंजियोग्राफी, अल्ट्रासाउण्ड, पी.टी.ए., कोविड, सीटी-स्कैन, एमआरआई, मैमोग्राफी एवं टीएमटी की जाँच की उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध है। 01 जनवरी, 2024 से 28 नवम्बर, 2024 तक ओपीडी में 4,66,996 मरीजों को देखा गया। ओपीडी के माध्यम से भर्ती किए गए 39,723 मरीजों को आईपीडी की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसी अवधि में 19,21,519 पैथोलोजी टेस्ट किया गया। 10,270 मेजर ऑपरेशन तथा 27,064 माईनर ऑपरेशन किया गया। 69,514 मरीजों को इमर्जेन्सी में देखा गया। सामान्य प्रसव की संख्या 2,599 तथा सिजेरियन सेक्शन की संख्या 2,416 है। 8,778 एमआरआई (पीपीपी मॉडल); 15,528 सीटी स्कैन (पीपीपी मॉडल); 38,491 यूएसजी; 90,152 एक्स-रे तथा 6,120 डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करायी गई। मरीजों के लिए सभी आवश्यक (378 प्रकार की) दवाओं की आपूर्ति की जाती है। प्रत्येक वार्ड एवं इमर्जेंसी वार्ड में स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था है। आयुक्त ने उप महाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल को निदेश दिया कि अस्पताल में दवा की पर्याप्त उपलब्धता सदैव सुनिश्चित रहे। मरीजों की संख्या के अनुपात में तथा आवश्यक दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति हो। दवा आपूर्ति श्रृंखला में किसी भी स्थिति में कोई व्यवधान नहीं आए। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार उपकरणों की आपूर्ति, विभिन्न विभागों में आधारभूत संरचनाओं एवं अन्य समस्याओं के निराकरण कार्य में तत्पर रहें। आयुक्त ने अस्पताल में स्वच्छ जलापूर्ति हमेशा सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि पटना नगर निगम द्वारा अस्पताल परिसर का नियमित तौर पर तथा समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई सुनिश्चित किया जाए। नगर कार्यपालक पदाधिकारी, बांकीपुर अंचल पीएमसीएच के अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर इसे सुनिश्चित कराएंगे। उन्होंने नगर आयुक्त को पीएमसीएच परिसर में साफ-सफाई की गतिविधियों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।आयुक्त ने अधीक्षक को जैव चिकित्सा अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधीक्षक द्वारा आयुक्त मयंक वरवड़े के संज्ञान में लाया गया कि पीएमसीएच में प्रवेश एवं निकास द्वार (मखनिया कुआँ के पास) आवागमन वाले रास्ते में यातायात की समस्या होती है। आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक, यातायात को सुचारू यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मरीजों, डॉक्टर तथा एम्बुलेंस के आने-जाने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। आयुक्त द्वारा जेपी गंगा पथ से पीएमसीएच के प्रवेश एवं निकास पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात एवं सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पटना में नियमित तौर पर अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था को निदेश दिया पीएमसीएच के प्रवेश एवं निकास द्वार के समीप यातायात सुदृढ़ करने हेतु समय-समय पर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाएँ ताकि मरीजों, डॉक्टर तथा एम्बुलेंस के आने-जाने में कोई समस्या नहीं हो। आयुक्त मयंक वरवड़े ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों के इलाज हेतु उत्कृष्ट सुविधा प्रदान करने के लिए उनके स्तर से स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग तथा बीएमएसआईसीएल से नियमित तौर पर समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाती है। मरीजों के कल्याण हेतु सम्पूर्ण तंत्र तत्पर है। आयुक्त ने कहा कि रोगियों की अधिकतम संतुष्टि सुनिश्चित करना एवं मरीज-केंद्रित सेवा सुलभ कराना सभी का दायित्व है। दक्ष चिकित्सकों, सक्षम पेशेवरों एवं समर्पित कर्मचारियों के द्वारा मरीजों के प्रति मित्रवत वातावरण का निर्माण किया जा सकता है एवं समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इस दिशा में तत्पर रहने का निर्देश दिया।इस बैठक में आयुक्त-सह-अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति के साथ नगर आयुक्त, पटना नगर निगम अनिमेष कुमार पराशर, उप विकास आयुक्त, पटना समीर सौरभ, क्षेत्रीय अपर निदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना; सिविल सर्जन, पटना डॉ. मिथिलेश्वर कुमार; क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, पटना प्रमंडल, पटना विनय कुमार ठाकुर,अधीक्षक, पीएमसीएच डॉ. आईएस ठाकुर; आईएमए के प्रतिनिधि, उपाधीक्षक, पीएमसीएच, उप महाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल; क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य पटना प्रमंडल, पटना एवं रोगी कल्याण समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## सम्मान और अधिकार के लिए अति पिछड़ा समाज ने किया आवाज बुलंद, चिंतन शिविर में समाज के उत्थान को लेकर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान के तत्वावधान में पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शोषित वंचित अतिपिछड़ा वर्ग चिंतन शिविर का आयोजन सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान के मुख्य राष्ट्रीय संयोजक अनिल कुमार प्रजापति, बिहार के मुख्य संयोजक डॉ. शिलेंद्र कुमार, संयोजक मुकुल आनंद एवं कानू समाज के अध्यक्ष कुंदन गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान के संयोजक मुकुल आनंद ने कहा कि शोषित वंचित अति पिछड़ा समाज की आबादी देश में समानांतर रूप से 40 प्रतिशत से कम नहीं है यानी हक, अधिकार एवं सामाजिक न्याय का रोना रोने के बजाय अति पिछड़ा वर्ग यदि टुकड़े टुकड़े गैंग में बांटने - बंटने के अलावा एकीकरण के रास्ते पर चल पड़ता है तो बिहार ही नहीं बल्कि केंद्र की राजनीति में पूर्ण बहुमत से आने में कोई रोक नहीं पाएगा और स्वयं संवैधानिक नीति निर्धारण करके निचले पायदान के लोगों को आसानी से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान एक देशव्यापी जन आंदोलन है जिसका ग्यारहवां पड़ाव 22 व 23 मार्च 2025 को झारखंड की राजधानी रांची में प्रस्तावित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एकीकरण महाअभियान बिहार के मुख्य संयोजक डॉ. शिलेन्द्र कुमार ने विशेष रूप से 40 प्रतिशत आबादी के एकजुटता के लिए उपस्थित समुदाय को एकत्रित होने पर बल दिया एवं विशेष रूप से ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि संघे शक्ति कलियुग। यानी एकजुटता से ही पद प्रतिष्ठा, सम्मान, अधिकार प्राप्त हो सकता है। डॉ. शिलेन्द्र कुमार ने कहा कि अति पिछड़ा समाज आबादी में सबसे बड़ी गिनती में होने के बाद भी राजनीतिक शून्यता का शिकार क्यों हो गई। यह गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा समाज के उत्थान के लिए अपने जीवन की आहुति देने को तैयार हूँ। आबादी के अनुसार राजनीतिक एवं हर स्तर पर भागीदारी, अति पिछड़ा उत्पीड़न निवारण क़ानून, रोहिणी आयोग के अनुसार पिछड़े वर्ग का उपवर्गीक़रण, भूमिहीन अति पिछड़ों को 5 डिसमिल ज़मीन उपलब्ध कराना और स्वरोज़गार के लिए बिना गारंटी के 25 लाख का ऋण मुहैया कराने के लिए हर स्तर पर काम करूँगा। अपने संबोधन में अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान के मुख्य राष्ट्रीय संयोजक अनिल कुमार प्रजापति ने अति पिछड़ा समाज को आह्वान करते हुए कहा कि "याचना नही अब रण होगा" "जीवन या मरण होगा" इस संकल्प को याद रखें और सभी कामों के साथ - साथ हम पद, प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त करने का चिंतन व विचार करें। साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा किया कि मार्च 2025 में आज तक के सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए लाखों लोगों की भीड़ गांधी मैदान में इकठ्ठी की जाएगी ताकि ये बहरी और अंधी सरकार अति पिछड़ा के हक और अधिकार की बात को सुन सके। इस अवसर पर सुजाता शर्मा, पंकज गुप्ता, विद्या भूषण शर्मा, दिवाकर शर्मा, मदन गोपाल पंडित, जितेंद्र ठाकुर, के पी सिंह, अनिल प्रजापति, चंद्रेश मंडल, हिसामुद्दीन अंसारी, बीरू चौहान, गुलाब प्रसाद ठाकुर, नीतू सिंह निषाद, रूपेश पंडित, कविंद्र कुमार पाल आदि लोगों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। मौके पर अति पिछड़ा एकीकरण महाअभियान से जुड़े हजारों लोगों की मौजूदगी रही।

## विश्व एड्स दिवस पर जे डी वीमेंस महाविद्यालय में छात्राओं को जागरूक करने के लिए सेमिनार का आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जे डी वीमेंस महाविद्यालय के सेहत केंद्र के द्वारा छात्राओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।जिसमें सभी विभागों के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रो मीरा कुमारी ने छात्राओं को रंगोली प्रतियोगिता के लिए शुभाशीष देकर के किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के गणित विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो शंभू मिश्रा रहे जिन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित किया एवं एड्स से जुड़ी जानकारियां दी। प्रतियोगिता का निर्णय निर्णायक मंडल के तौर पर महाविद्यालय की ओर से गृह विज्ञान विभाग की प्रो को कुमारी कुमकुम, हिंदी विभाग की प्रो रेखा मिश्रा, दर्शनशास्त्र की प्रो वीणा कुमारी,डॉ कुमारी सुमन अर्थशास्त्र विभाग से डॉ प्रियंका सिंह एवं डॉ मंजरीनाथ, बंगला विभाग से डॉ अमरपाल ने किया। प्रथम स्थान अर्थशास्त्र विभाग की यशी गुप्ता, सुजाता एवं प्रदर्शनीकरण द्वितीय स्थान एनएसएस इकाई की रोशनी, प्रीति राज, कोमल, गुड़िया तृतीय स्थान इतिहास विभाग की ऋतु, शालिनी, श्रुति, अंजली, सुमन ,ने प्राप्त किया पूरे कार्यक्रम का आयोजन सेहत केन्द्र की नोडल ऑफिसर डॉ हिना रानी ने किया।

## रोटरी क्लब ऑफ़ पटना सिटी ने विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना सिटी**। रोटरी क्लब ऑफ़ पटना सिटी ने आज एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया,जिसमें प्रसिद्ध एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. अजय प्रकाश ने सभी को एक्यूप्रेशर के लाभ और उसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। यह कार्यक्रम पटना के गुलजारबाग़ स्थित कुशवाहा मध्य विद्यालय में आयोजित हुआ, जहां विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के लोगों ने भाग लिया । कार्यक्रम की शुरुआत में रोटरी क्लब ऑफ़ पटना सिटी के अध्यक्ष ने उपस्थित जनसमूह को स्वागत किया और इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों की महत्वता पर जोर दिया। इसके बाद, डॉ. अजय प्रकाश ने एक्यूप्रेशर के बारे में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि कैसे यह चिकित्सा पद्धति शरीर के विभिन्न अंगों और तंत्रिका तंत्र को सुधारने में मदद करती है। उन्होंने सरल और प्रभावी तकनीकों का प्रदर्शन किया, जिन्हें लोग रोज़मर्रा की जिंदगी में अपनी सेहत को बेहतर बनाने के लिए अपना सकते हैं। डॉ. प्रकाश ने बताया कि एक्यूप्रेशर शरीर के विशिष्ट बिंदुओं पर दबाव डालकर तनाव कम करने, रक्त संचार को बेहतर बनाने, और कई तरह की बीमारियों से राहत देने में सहायक होता है। उन्होंने सभी को नियमित रूप से इस तकनीक का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया, जिससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ़ पटना सिटी के चेयरमैन रो राजेश बल्लभ, रवि शंकर प्रीत, रो अमित आनंद, रो विष्णु झुनझुनला, रो बिजय कुमार यादव, रो बिनोद मिश्रा, रो गोविंद कनोडिया, रो रतन श्रीवास्तव, रो रितेश यादव, रो संजय कुमार, रो राहुल राज सिंह सहित सभी सम्मानित सदस्यों की मौजूदगी थी । विद्यालय के प्राचार्य अनिल ने इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को और बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। रोटरी क्लब ऑफ़ पटना सिटी ने इस अभियान के माध्यम से न केवल एक्यूप्रेशर के लाभों को साझा किया, बल्कि समाज में स्वास्थ्य प्रति जागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन आगे भी होते रहेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस तरह के लाभकारी चिकित्सा पद्धतियों का लाभ उठा सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने घर पर चिपकाए नोटिस

**सुगौली।** थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर फरार वारंटियों के खिलाफ स्थानीय पुलिस के द्वारा नोटिश घर पर चिपकाया गया या परिजनों को नोटिश दिया गया। थाना क्षेत्र के 21 लोगो के खिलाफ नोटिश पुलिस अधिकारी के द्वारा भेजा गया।थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कहा कि सुगांव थाना के अलग अलग कांड या मामलों में आरोपित फरार चल रहे है।वैसे वारंटियों के घर नोटिश चिपकाया गया या उनके परिजन को दिया गया। सभी फरार वारंटी अपनी जमानत करा लें या न्यालय में हाजिर हो जाए। यदि समय रहते वे हाजिर नही होते है तो उनपर करवाई होना तय है।इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

### पैक्स मतदान आज तैयारी पूरी



**सुगौली ।** प्रखंड के 15 पंचायतों में आज को पैक्स का चुनाव है।जिसमे पैक्सध्यक्ष व सदस्य के लिए मतदाता मतदान करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ नूतन किरण के देख रेख में मतदान कर्मियों के बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया।मतदान कर्मी मतदान सामग्री को लेकर अपने अपने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान किए। स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के मतदान केंद्र पर समुचित व्यवस्था की गई है।निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुख्ता प्रबंध किया गया है।मतदान कर्मी प्रखंड के अलग अलग बूथों पर रवाना हो गए। चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरी तैयारी की गई है।थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी बूथों पर पुलिस अधिकारी व पुलिस बलों को तैनात किया गया है।असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखी जा रही है।किसी तरह की गड़बड़ी करने के प्रयास करने वालो को बख्शा नही जाएगा।इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

### एस.एस.कॉलेज में अभाविप इकाई का पुनर्गठन पुष्पांकर कुमार बने कॉलेज अध्यक्ष



**जहानाबाद।** स्वामी सहजानंद सरस्वती महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व इकाई को भंग करते हुए नई इकाई की घोषणा नगर अध्यक्ष प्रो.डॉ. विनोद कुमार राय ने की। इस पुनर्गठन में पुष्पांकर कुमार को अध्यक्ष और आदित्य राज गुप्ता को कॉलेज मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष आनंद कुमार, कुश कुमार, मंत्री आदित्य राज गुप्ता, राजन कुमार, सोहित कुमार, सूरज कुमार, सिमरन कुमारी, शुरभी कुमारी, दिवाकर कुमार विकास कुमार, अंश कुमार, कला मंच प्रमुख अंजली कुमारी,सह कला प्रमुख वंदना कुमारी सलोनी कुमारी, सोनू कुमार, चांदनी कुमारी, स्नेहा कुमारी, अभिषेक कुमार, दिवेश कुमार, यशराज एवं अन्य का भी चयन किया गया है। पुनर्गठन के बाद छात्रों में उत्साह देखा गया। नई इकाई ने सभी छात्रों से संगठित होकर कॉलेज और समाज के विकास में सहयोग करने की अपील की।

## राज्यपाल ने डॉ0 धर्मेंद्र कुमार को पी0एच0डी0 उपाधि से किया सम्मानित

» पटना विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित




**छपरा ।** पटना विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षान्त समारोह में अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय,सारण के व्याख्याता डॉ॰ धर्मेन्द्र कुमार को बिहार के राज्यपाल द्वारा पी॰ एच॰डी॰ उपाधि से सम्मानित किया गया। इन्होने अपना शोध विषय "A study of the use and Application of computers in Teaching among Teacher Eduators Of Bihar " डॉ॰ मोनौवर जहाँ के निर्देशन में पूरा किया। अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीराम विनय पासवान, व्याख्याता डॉ0 अजय कुमार पाल,नागेश्वर प्रसाद,सुजीत कुमार,दीपक कुमार यादव,रविंद्र कुमार गुप्ता, सचिन कुमार सहित अन्य ने इनके इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त कर शुभकामनाएं दी ।

# प्रत्येक प्रखंड से एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का एनक्वास प्रमाणीकरण कराने का लक्ष्य

नई सोच एक्सप्रेस

» सारण में अब तक दो स्वास्थ्य केंद्रों को मिला एनक्वास का प्रमाण पत्र




**छपरा।** सारण जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग ने प्रत्येक प्रखंड से एक-एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को एनक्वास (नेशनल क्वालिटी असुरेंस स्टैंडर्ड) प्रमाणीकरण दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह प्रमाणीकरण मिलने पर स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। जिले के 20 प्रखंडो से एक-एक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को एनक्वास के लिए तैयार किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि अब तक सारण जिले के दो स्वास्थ्य केंद्रों , यूपीएचसी मासूमगंज और एचडब्लयूसी फुलवरिया को एनक्वास का प्रमाण पत्र मिल चुका है। दिघवारा प्रखंड शीतलपुर डीह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का स्टेट टीम द्वारा असेस्मेंट किया जा चुका है। अब सभी अनुमंडल क्षेत्रों से एक-एक एचडब्ल्यूसी को भी इस प्रमाणीकरण के लिए तैयार किए जा रहा हैं। इस प्रक्रिया के तहत इन केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के तहत सर्टिफाइड किया जाएगा, ताकि आम लोगों को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। यह कदम मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया है, जिससे हर व्यक्ति को समुचित इलाज और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## क्षेत्र का सतत विकास ही मेरी प्राथमिकता : विधायक



नई सोच एक्सप्रेस

» विधायक कोष से निर्मित नवनिर्मित सड़क का छपरा विधायक ने किया उद्धघाटन

**छपरा।** नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विधायक कोष से निर्मित क्षेत्र के समग्र एवं सतत विकास के क्रम में स्थानीय छपरा क्लब के समीप शिवा गैस एजेंसी से लेकर पार्टी जोन तक नवनिर्मित पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य के उद्घाटन के दौरान छपरा विधायक सी.एन. गुप्ता ने कहा की क्षेत्र का सतत विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता रही है। इस दौरान विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी जर्जर सड़कों के निर्माण कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से प्रयास कर रहा हूं,खासकर जो वर्षों से उपेक्षित है। सड़क,स्वास्थ्य, शिक्षा,मनोरंजन आधारभूत संरचना के क्षेत्र में छपरा विधानसभा को अव्वल करना मेरी प्राथमिकता है। इस दौरान भाजपा नेता धर्मेन्द्र चौहान,नगर भाजपा अध्यक्ष राजेश फैशन,अनुरंजन कुमार, तेजू सिंह, हरदेव सिंह, अजय राय, उमेश राय, विनोद प्रभाकरन समेत दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## आशा पार्टी ने किया कमेटी विस्तार



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली।** आप सब की आवाज आसा पाटी प्रकोष्टा के 17 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। इसकी जानकारी प्रदेश उपाध्यक्ष लाल बाबू सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पार्टी को विस्तार करने के लिए प्रदेश पदाधिकारियों का सूची जारी पहले चरण का किया गया है। इनको पार्टी को अलग-अलग जिमवारी इन सभी सदस्यों को दी गई है। इन लोगों को आने से पार्टी का और मजबूती होगी। पार्टी में बनाए गए सदस्य मुकेशु सिंह प्रदेशउपाध्यक्ष-दरभंगा , नन्द किशोर यादव प्रमूख-प्रदेश उपाध्यक्ष-बेतीया,अवधेश कुमार- प्रदेश उपाध्यझ घोड़ासहन ढाका मोतिहारी, पूर्व मुखिया संजय सिंह उपाध्यक्ष समस्तीपुर ,बिनोद सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष पटना,संगीता कुमारी- प्रदेश महामंत्री मोतिहारी-सुगौली झा. प्रदेश महामंत्री मोतिहारी,मदन सिंह - प्रदेश महामंत्री-अरेराज,अंजनी कुमार-प्रदेश महामंत्री फेनहरा मधुबन,नासिर अहम्मद ऊर्फ बुधन मुखिया प्रदेश संगठन आदापुर मोतिहारी,सतिश सिंह ऊर्फ भानु सिंह प्रदेश महामंत्री मोतिहारी,मिथलेश श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री गौपालगंज, प्रमोद कुमार सिंह प्रदेश महामंत्री मोतिहारी इन लोगों को पार्टी की नई जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष लालबाबू सिंह ने बताया कि 2025 में होने वाली विधानसभा चुनाव पार्टी चुनाव लड़ेगी अगर बिहार में सरकार आशा पार्टी की बनी तो सभी का विकास ही कार्य किया जाएगा उन्होने ने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना का कार्य पहले होगा तभी जाकर बिहार से बेरोजगारी दूर होगी मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सोनपुर मेला : पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा ।**सोनपुर मेले के परिसर में आयोजित दिव्यांग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दिव्यांगों ने ऐसे लोगों को न केवल आइना दिखाया बल्कि साबित कर दिया कि मजबूत इरादों व जज्बे के आगे दिव्यांगता बाधा नहीं बन सकती है। जिला प्रशासन सारण के तत्वावधान में आगोजित दिव्यांग एथलेटिक्स में सौ मीटर दौड़, शॉट पुट डिस्कस जैवलिन थ्रो की प्रतियोगिता के दौरान काफी संख्या में दिव्यांग शामिल हुए। दिव्यांग खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजेता दयाशंकर, रवि शर्मा, अभिमन्यु, आदित्य राज रवि, आदित्य कुमार, मुजाहिदीनरशीद, धर्मेंद्र, अमित, गोपाल सुधीर संजीव कुमार, पप्पू कुमार, रमेश कुमार को उनके बेहतरीन खेल के लिए सम्मानित किया गया।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# अपना बिहार

नई सोच एक्सप्रेस



**[ बिहार के युवाओं के भविष्य अंधकारमय होने से बचाने के लिए आईपीस विकास वैभव ने साहस किया और, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार को प्रेरित कर रहे है। उनकी प्रेरणा से लगभग 125000 लोग वाट्सअप के माध्यम से अभियान से जुड़ गए हैं। इस लेख के माध्यम से बिहार के लोगों से आग्रह कर रहा हूं कि निःस्वार्थ सेवा का स्वागत दिल से हो। ]** आईपीएस विकास वैभव ने लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान चला कर जो, युवाओं के हृदय में ईमानदारी का दीप प्रज्वलित करने का प्रयास कर रहे है, यह एकदम से अनोखा प्रयास है। और, सराहनीय कदम है। मनुष्य के छणिक जीवन में अच्छे कार्य करने के अवसर मिलना भी सौभाग्य की बात है। नए कार्यों को करने का अनुभव । और, अगर यह कार्य मातृभूमि के हित से संबंधित है तो निश्चित ही, कार्य को सफ़ल करने में दुगनी रफ्तार से ऊर्जा लगनी शुरू हो जाती है। सत्यनिष्ठ तो ईश्वर का दूत हैं। उन्होंने, किसी भी कार्य को पूरा करने का मन बना लिया तो राह के बाधाएं भी उनको डिगा नहीं सकती है। वो तो, सूर्य की किरणों की भांति अपने लक्ष्य की ओर सीधी रेखा में गमन करते हैं। उनका हृदय भी सूर्य की किरणों की तरह सफेद बिल्कुल बेदाग। क्या ऐसे लोग ईश्वर का आदेश लेकर धरती पर अवतरित होते हैं। सत्य के लिए अडिगता से जीवन पर्यन्त कठिन परिश्रम करना, इनकी फितरत में होता हैं। उनके आचरण तो बस सत्य और वेद की बात ही करते हैं। नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्। विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥ वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं है। सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं है। और, विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं हैं। ऐसे मधुरशिल और ज्ञानी के कार्यों में बाधक बन जाना एक इंसान का कार्य तो कतई नहीं हो सकता है। दुर्जन ही सत्य की राह में बाधक बनते हैं। उनकी मानसिकता असुरत्व नहीं तो और क्या है, जटिलताओं का जाल बुनते बुनते एक दिन वो खुद भी असुरत्व का शिकार हो जाते हैं। ऐसे दुर्जन सत्यनिष्ठ का कुछ बिगाड़ तो नहीं पाते,एक दिन कली का भयंकर रूप से शिकार हो जाते हैं। इसके लिए संस्कृत का श्लोक है– सदयं हृदय यस्य भाषितं सत्यभूषितम्। कायः परहिते यस्य कलिस्तस्य करोति किम् ॥ जिसका हृदय दयालु है, वाणी सत्य से भूषित है, और जिसकी काया परायों के हितार्थ है, उसे कलि क्या कर सकता है ? बहुत कुछ छुपा है, इस श्लोक में। ईमानदारों के लिए विषबेल के जालों को रोपने वाले, ऐसे दुर्जन ही है जो, बिहार के प्रगति के बाधक भी है। ऐसे दुर्जनों के लिए एक पैग़ाम भी है कि तुम राहों में बाधा के पत्थर बिछाते रहो ऐ जालिम ! मेरे हौसलों के पहाड़ का एक कण भी न हिला पाओगे। असुरत्व के कांटे चुभो कर इतना भी मत इतराओ, अपने कृत्य का अंजाम भी सुन लो ऐ जालिम ! कहीं दूर बैठकर कली जोर का अट्टहास कर रहा। तुम्हारें गर्दन को मरोड़ने को बेसब्री से इंतजार कर रहा। अब भी समय है चेत जाओ तुम ! सभी कुकृत्य की माफ़ी मिल जाएगी अपनी मातृभूमि के खातिर। आईपीएस विकास वैभव ऐसे ही सत्यनिष्ठ है। और, इनके राह में रोड़ा डालने वाले असुर मानसिकता वाले ही है। देश और समाज के उत्थान हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले विरले ही होते हैं। आज के आधुनिक युग में एक तरफ स्वार्थ काले बादल बन समाज को खोखला कर रहा है। तो दूसरी तरफ, गिरते मानवीय मूल्यों ने मानवता को शर्मशार कर रखा है। इन परिस्थियों को भाप कर, बिहार के युवाओं के भविष्य अंधकारमय होने से बचाने के लिए आईपीस विकास वैभव ने साहस किया और, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के माध्यम से बिहार को प्रेरित कर रहे है। अपने लेख के माध्यम से बिहार के लोगों से आग्रह कर रहा हूं कि लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से जुड़े और सत्य का साथ ईमानदारी से दें। बिहार के प्रगति की राह में सबका सार्थक सहयोग जरूरी हैं। इसलिए आइए, मिलकर इनके विचारों को मज़बूत करते हैं और बिहार को प्रेरित करते हैं।

## फुटपाथ पर ठंडे से ठिठुरते लोगों के बीच किया कंबल वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

» डीएम से रैन बसेरा बनाने की मांग
» गरीबों की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नहीं

**औरंगाबाद।** जाड़े की रात कितनी कष्टदायक होती है। अगर आप को इसका हाल जानना हो तो रात को शहर की सड़कों पर निकल जाइए। खुले आसमान के नीचे ठंड में ठिठुरते लोगों को देख कर आप सिहर उठेंगे। औरंगाबाद शहर में सैकड़ों ऐसे गरीब हैं, जिनकी रात फुटपाथ पर कटती है। सर्द हवा जब शरीर में लगती है, तो लोग सिकुड़ कर पैर और सीना एक कर लेते हैं। इनके लिए राहत की कोई व्यवस्था नहीं है। शहर में रात होते ही फुटपाथ गरीबों का बिस्तर बन जाता है। शहर के समाहरणालय के बाहर रमेश चौक, महाराजगंज रोड, ब्लाक मोड़, धर्मशाला मोड़, महाराणा प्रताप, दानी बिगहा बस स्टैंड के पास गरीब सड़कों पर सो रहे हैं। मेहनत-मजदूरी करने के बाद मजदूर फुटपाथ पर रात बिताते हैं। बड़े-बड़े अधिकारियों की गाड़ियां इस रास्ते से गुजरती है, पर कोई देखने व पूछने वाला नहीं है। ठंड के साथ इन लोगों को दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। ठंड बढ़ने के बाद भी शहर में अब तक देख घरों के लिए रैन बसेरा नहीं खुला है। रैन बसेरा न होने के कारण लोग बेघर हो रहे हैं। शहर के समाजसेवी सह कांग्रेस नेता मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने स्वयं रात में सल्लू खान ने डीएम से मांग करते हुए कहा है कि गरीब एवं निसहाय व्यक्तियों की शीतलहर से सुरक्षा के लिए रैन बसेरों / अस्थायी शरण स्थलों की व्यवस्था कराई जाए। शहरी क्षेत्रों में रिक्शा चालकों, दैनिक मजदूरों, दूरों, असहायों, आवास विहीनों एवं सदृश्य श्रेणी के गरीब, निसहाय व्यक्तियों के रहने हेतु रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की जाए। जहां रैन बसेरे उपलब्ध न हों, वहां जिले में उपलब्ध पालीथिन शीट्स, टेंट, तारपोलीन शीट्स का उपयोग कर आवश्यकतानुसार अस्थायी शरण स्थली बनायी जाए। रैन बसेरों एवं अस्थाई शरण स्थलों में पर्याप्त संख्या में कंबल रखे जाएं। रैन बसेरों एवं अस्थाई शरण स्थलों में सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय। जिन्होंने सर्द रातों में फुटपाथ पर ठिठुरते मेहनतकशों के बदन पर जब कंबल डाला तो उन्हें सहसा विश्वास नहीं हुआ कि आज के जमाने में ऐसे लोग भी हो सकते हैं जिन्हें दूसरों की परिस्थितियों का एहसास होता है। युवा समाजसेवी सल्लू खान ने मुख्यालय के प्रमुख चौराहों रेन बसेरों में कंबल वितरण कर सर्दी में ठिठुरते गरीबों असहायों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। सल्लू खान ने कंबल वितरण कर खुले आसमां के नीचे रात गुजारते गरीबों को यह एहसास दिलाया कि समाज में मानवता ख़त्म नहीं हुई है और आज भी समाज में एक दूसरे के मदद के लिए तत्पर है।

# दरभंगा के मां श्यामा मंदिर में आयोजित साप्ताहिक भजन एवं भंडारे में आर्थिक सहयोग हेतु आगे आ रहे हैं श्रद्धालुगण

नई सोच एक्सप्रेस

**आम लोगों के साथ ही प्रतिष्ठित एवं समृद्ध व्यक्तियों को भी मां श्यामा से जुड़ने का एक माध्यम है भंडारा- प्रो जयशंकर झा**

» भंडारा में सहयोग मां श्यामा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक माध्यम, जिससे मिलती है प्रसन्नता एवं आत्मसंतुष्टि- डॉ अंजू नारायण
» मां श्यामा मंदिर परिसर में भंडारा- महाप्रसाद का आयोजन सामाजिक समरसता एवं भक्तों को आपस में जोड़ने का सशक्त माध्यम- डॉ संतोष पासवान



**दरभंगा।** बिहार प्रांत की सांस्कृतिक राजधानी तथा मेधा की उर्वरा भूमि दरभंगा स्थित मां श्यामा मंदिर में आयोजित होने वाले साप्ताहिक भजन एवं भंडारे में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु श्रद्धालु स्वतः प्रेरित होकर आगे आ रहे हैं। इस कड़ी में स्थानीय बेलादुल्ला, वार्ड नंबर- 3 निवासी तथा प्लस टू हाई स्कूल, कोयलास्थान, दरभंगा की विज्ञान- शिक्षिका डॉ अंजू नारायण के सौजन्य से रविवारीय भजन एवं भंडारा- महाप्रसाद का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ अंजू का चयन हाल ही में बीपीएससी, पटना द्वारा प्रधानाध्यापक तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग, पटना द्वारा रसायनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक पद के लिए हुआ है। आपनी प्रसन्नता एवं आत्मगौरव को सामूहिक रूप से साझा व्यक्त करने हेतु उन्हें साप्ताहिक श्यामा- भंडारे के आयोजन को सर्वोत्तम माध्यम माना। इस अवसर पर मां श्यामा मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो जयशंकर झा तथा न्यास समिति के सदस्य डा संतोष पासवान ने संयुक्त रूप से फूल- माला, श्यामा भोग प्रसाद, मां की चुनरी व साड़ी, श्यामा संदेश स्मारिका आदि से डॉ अंजू नारायण तथा उनके पति डॉ आर एन चौरसिया का स्वागत-सम्मान किया। वहीं श्यामा नामधुन नवाह में विशिष्ट योगदान के लिए प्रो उदय शंकर मिश्र का सम्मान प्रो विनोदानंद झा तथा दास संतोष पासवान ने किया। इस अवसर पर डॉ मोना शर्मा, डॉ शैलेन्द्र लाल दास, डॉ कृष्ण कुमार अग्रवाल, विनोदानंद झा, उज्ज्वल कुमार, डॉ आनंद मोहन झा, आदित्य कुमार, प्रधानाध्यापक डॉ मनोज कुमार, डॉ सुमन कुमारी, हरिवंश कुमार चौधरी, चंदन कुमार, अखिलेश सिंह, जितेन्द्र कुमार, कल्पना पाठक, संतोष मिश्रा, रश्मि लता, अन्नु कुमारी, नितिन कुमार, तन्नु श्रीवास्तव, स्वाति कुमारी, दिव्या कुमारी, सुमित कुमार पांडे, राधा रमण झा, असीम कुमार शंभू, विपिन कुमार राय, प्रणव नारायण, राजेन्द्र कामती सहित ढाई सौ से अधिक व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर आयोजित भजन- संध्या में रोहित झा ने 'मैया कतो सुतल छी..., अमित कुमार झा ने मां का भजन, बाल कलाकार हंसराज तथा चिन्मय झा ने भी मनमोहन भजन एवं गायन प्रस्तुत किया, जिन्हें मंच द्वारा सम्मानित किया गया तथा श्रोताओं द्वारा खूब तालियां मिली। प्रो जयशंकर झा ने कहा कि भंडारा आयोजन आम लोगों के साथ ही प्रतिष्ठित एवं समृद्ध व्यक्तियों को भी मां श्यामा से जुड़ने का एक माध्यम बनता जा रहा है। यह हमारी संस्कृति एवं धार्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। डॉ अंजू नारायण ने कहा कि भंडारा में सहयोग करना मां श्यामा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का एक माध्यम है, जिससे अत्यधिक प्रसन्नता एवं परम आत्मसंतुष्टि मिलती है। यह युवा पीढ़ी को दान एवं सेवा के महत्व को सीखने का एक तरीका भी है। मां श्यामा न्यास समिति के सदस्य डॉ संतोष पासवान ने कहा कि मंदिर परिसर में भंडारा- महाप्रसाद का आयोजन सामाजिक समरसता एवं भक्तों को आपस में जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है, क्योंकि इसमें गरीब- अमीर, शिक्षित- अशिक्षित के साथ ही विभिन्न वर्ग- जातियों के लोगों को एक साथ बैठकर भोजन करने का सुअवसर मिलता है जो भोजन के आनंद तथा सामुदायिक भावना को बढ़ता है। वहीं डॉ आर एन चौरसिया ने बताया कि अगले जनवरी मध्य तक होने वाले सभी साप्ताहिक भंडारों में आर्थिक सहयोग करने वाले श्रद्धालु स्वयं ही संपर्क कर अपनी इच्छा व्यक्त किये हैं।

# शराब के खिलाफ जागरूक करने पहुंचे मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा

नई सोच एक्सप्रेस



**पुनपुन**। पुनपुन में सभा को किया संबोधित,कहा सामाजिक सहयोग से शराबबंदी पर लगेगा लगाम।शराब के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए सोमवार को मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा पुनपुन पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री रत्नेश सदा, विधान परिषद रविंद्र सिंह, श्याम रजक,मध निषेध विभाग के सचिव विनोद सिंह गुंजियाल, उत्पाद सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। उसके बाद नाट्य संस्था द्वारा गीत संगीत नुक्कड़ नाटक के जरिए शराब बंदी पर समाज में क्या असर हो रहा है उसे पर चित्रण किया गया, इसके साथ ही उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए लोगों को शराब से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मौके पर उत्पाद अधीक्षक समेत कई लोग मौजूद रहे। दरअसल बिहार में शराबबंदी को और मजबूत बनाने के लिए राज्य के मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा पहुंचे थे। उन्होंने यहां एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य लोगों को शराब के दुष्परिणामों के बारे में बताना था। कार्यक्रम का आयोजन पुनपुन प्रखंड के S M D कॉलेज के प्रांगण में किया गया था। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे शराब से दूरी बनाए रखें और अपने परिवार और समाज के हित में इस बुराई के खिलाफ लड़ाई में शामिल हो। इसके साथ ही सभा संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि 2005 से पहले बिहार की क्या स्थिति थी, जब बिहार के मुखिया नीतीश कुमार बने तब बिहार विकास वाली बिहार बनी, जहां विकास वाली बिहार में सबकी भागीदारी वाली सरकार है, यह सुशासन की सरकार हैं इस सरकार में सबका सम्मान है। 2005 से पहले इस बिहार में ना तो कोई अनाथालय था ना वृद्धा आश्रम,न कोई विधवा आश्रम था। मुख्यमंत्री आपके ही कहने पर बिहार में साढे आठ करोड़ की बजट की तेलांजलि देते हुए शराबबंदी कानून लाया, ताकि बिहार की बेटियां मां बहने की मान सम्मान सुरक्षा हो सके, इसलिए बाबा साहब के तीन मंत्रों के सपनों को मुख्यमंत्री ने सरकार किया है, जहां 2007 में टोला सेवक बहाल किया, लड़कियों लड़कों को साइकिल योजना, पोशाक योजना का लाभ दिया, विकास विकास वाली बिहार है आप सबों को इस सामाजिक बुराई को अंत करने में एकजूट होना पड़ेगा, मौके पर कार्यक्रम में जदयू राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री श्याम रजक, विधान पार्षद रविंद्र सिंह, समेत एक्साईज विभाग के सुपरीटेंडेंट संजय चौधरी,एसडीएम अमित कुमार पटेल, एसडीपीओ नभ वैभव,बीडीओ मानेन्द्र कुमार समेत हजारों की संख्या मे स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर गये फूड एंड एलाइड वर्कर्स



नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद**। फुड एंड एलाइड वर्कर्स यूनियन (इंटक) के बैनर तले श्रमिकों ने अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हैं। यूनियन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि यह हड़ताल श्रमिकों के हक और उनकी जायज मांगों को लेकर की जा रही है। मांगें और मुख्य मुद्दे यूनियन ने श्रम संसाधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत प्रति बोरी 11.64 की दर को तत्काल लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही राज्य खाद्य निगम (SFC) द्वारा प्रति बोरी 0.55 की कटौती को वापस लेने की अपील की गई है। चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। श्रम विभाग की अधिसूचना को लागू कराना हमारी जायज मांग है। यदि हमारी मांगें पूरी नहीं की जाती हैं तो हम आगे आंदोलन को तेज करेंगे। तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के कारण खाद्य वितरण और अनाज के भंडारण कार्यों पर हल्का असर पड़ा। यूनियन ने सरकार और संबंधित विभागों से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है ताकि श्रमिकों की समस्याओं का समाधान हो सके। हड़ताल समाप्त होने के बाद अध्यक्ष ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हमलोग चले जायेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ई मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी ने सारण में नया स्टोर खोला

**सारण**। ई- मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी, जो कि स्वास्थ्य और फार्मेसी क्षेत्र में एक अग्रणी नाम है, ने आज पर्सागढ़ बाजार, एकमा, सारण में अपने नए स्टोर का भव्य उद्घाटन किया। यह नया स्टोर स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से सभी दवाओं और हेल्थकेयर उत्पादों पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन समारोह में फ्रेंचाइजी मालिक रवि रंजन कुमार ने स्टोर की कार्यप्रणाली और सेवाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित अतिथि जैसे विश्व रंजन कुमार, डॉ. बलिराम ठाकुर, डॉ. बच्चा लाल पांडे, विश्वनाथ राय, योगेंद्र प्रसाद, सरोज सिंह, नवीन कुमार, और राजा राम साह उपस्थित थे।

### बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल ने मिनीमॉली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी से कार्डियाक केयर में साख बढ़ाई

**रांची**। बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल, कोलकाता में मिनीमॉली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी (एमआईसीएस) से कार्डियाक केयर के क्षेत्र में बेहतर देखभाल और परिणाम मिल रहे हैं। पूर्वी भारत के इस एकमात्र कार्डियाक सुपर-स्पेश्यलिटी हॉस्पीटल में हृदय रोगियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपचार मानकों का लाभ मिल रहा है। बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल हृदय रोगों के इनोवेटिव उपचार के मामले में अग्रणी है और मिनीमॉली इन्वेसिव कार्डियाक सर्जरी (एमआईसीएस) ने अस्पताल की साख बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। अस्पताल में एमआईसीएस की सुविधा मरीजों को जटिल कार्डियाक सर्जरी के अधिक सुरक्षित विकल्प प्रदान करती है। डॉ. रतन कुमार दास, डायरेक्टर ऑफ कार्डियोथोरेसिक एंड वास्क्युलर सर्जरी (सीटीवीएस), बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल, कोलकाता ने कहा कि एमआईसीएस वास्तव में, पारंपरिक ओपन-हार्ट सर्जरी की तुलना में इलाज का एडवांस तरीका है जिसके चलते सर्जरी के बाद रिकवरी टाइम कम होता है, इंफेक्शन का खतरा भी घट जाता है, और ब्लीडिंग कम होती है तथा सर्जरी के बाद घाव के निशान भी छोटे होते हैं। बेशक, एमआईसीएस का विकल्प पारंपरिक हार्ट सर्जरी के बराबर प्रभावी होता है, और कई बार कुछ जटिल मामलों में यह बेहतर साबित होता है। डॉ. देबब्रत बिस्वास, कंसल्टेंट – कार्डियोथोरेसिक एंड वास्क्युलर सर्जरी, बीएम बिरला हार्ट हॉस्पीटल, कोलकाता ने बताया कि एमआईसीएस उपचार के बारे में कुछ गलतफहमियां भी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि यह पारंपरिक सर्जरी के समान कारगर नहीं है जबकि कुछ लोगों को यह भी लगता है कि यह हृदय संबंधी छोटी-मोटी समस्याओं के उपचार के लिए ही उपयुक्त है।

### महागामा में जोर पकड़ने लगी है दीपिका सिंह पांडे को मंत्री बनाने की मांग



**गोड्डा**। दीपिका सिंह पांडे को मंत्री बनाने की मांग इन दिनों जोर पकड़ने लगी है महागामा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित महा गठबंधन के नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सांसद प्रियंका गांधी एवं सूबेके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर महागामा की लोकप्रिय विधायक श्रीमती दीपिका पांडे सिंह को मंत्री बनाने की मांग की जा रही है महा गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में यहया सिद्दीकी फिरोज आलम अब्दुल मन्नान नगमा आरा अफसाना बानो मोहम्मद नईम तनवीर आलम धर्मेंद्र पासवान कमल देवदास नितेश सिंह अखिलेश कुमार मनोजसाह संजय पासवान शशिकांत पोद्दार बुलबुल खुर्शीद मुन्ना अजमुद्दीन आदि ने राहुल गांधी से दीपिका सिंह पांडे को कैबिनेट मंत्री बनाने की जोरदार मांग की है वही झारखंड के जाने-माने सायर कलीमुल्लाह परवाना ने भी सायराना लहज़े में राहुल गांधी प्रियंका गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से महागामा की जानदार और शानदार महिला विधायक दीपिका पांडे को मंत्री बनाने की मांग की है उन्होंने कहा कि इस तरह राहुल जी के जलवा दिखाना चाहिए दीपिकासिंह पांडे को फिर मंत्री बनाना चाहिए हर तरफ से शोर बरपा दीपिका सिंह पांडेका नाम बज रहा है आज डंका दीपिका के नाम का है।

### हनुमान पुस्तकालय में भव्य मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न




**हावड़ा**। हावड़ा की सलकिया हिन्दी साहित्य गोष्ठी की दिसम्बर महीने की मासिक काव्य गोष्ठी का भव्य आयोजन हावड़ा के सलकिया - बाँधाघाट के हनुमान पुस्तकालय के सभागार में पूर्व प्रधानाध्यापक आदरणीय राम पुकार सिंह "पुकार गाजीपुरी" की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर प्रख्यात ग़ज़लकार द्वय कृष्ण कुमार दूबे और कमल कुमार पुरोहित "अपरिचित" क्रमशः मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रह कर कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। काव्य गोष्ठी का शुभारम्भ कालिका प्रसाद उपाध्याय "अशेष" के सुमधुर सरस्वती वंदना से हुआ।साहित्यकार प्रदीप कुमार धानुक के कुशल संचालन में उपस्थित वरिष्ठ रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक स्वरचित रचनायें सुनाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति देने वालों में चंद्रिका प्रसाद पाण्डेय अनुरागी, रंजीत भारती, राम नारायन झा "देहाती", डॉ. मनोज मिश्र, नंदू बिहारी, कमला पति पाण्डेय "निडर", कालिका प्रसाद उपाध्याय "अशेष", रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव और ओम प्रकाश चौबे प्रमुख थे।अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में सिंह ने कार्यक्रम के आयोजकों , श्रोताओं, सभी रचनाकारों और विशेषकर संस्था के मंत्री विष्णु गोस्वामी एवं अनुरागी जी के कुशल निर्देशन और डॉ. मनोज कुमार मिश्र एवं धर्मेंद्र गिरि के कुशल संयोजन के प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।अंत में संस्था के संयुक्त मंत्री रविन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कलमकारों और श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# दोषियों पर सरकार की कड़ी नजरः- मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहार शरीफ**।बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज में की मेघी नगवां के नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष शिवचरण प्रसाद कुशवाहा के साथ अप्रिय घटना हो जाने के पश्चात उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने पावापुरी के वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचे बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दोषियों पर सरकार की कड़ी नजर है कानून संबंध कार्रवाई की जाएगी नेता नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में कुशल नेतृत्व बिहार में सुशासन का राज था है और रहेगा।अपराधियों पर नकल कसा जा रहा है। दीपनगर गोलीकांड में संलिप्त आरोपियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। घटना काफी निंदनीय है। घटना में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई होगी। बिहार में कानून से खिलवाड़ करने वालो कि सही जगह जेल है। सरकार उनके परिजनों के साथ है हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा कानून संवत करवाई होगी। इस अवसर पर उनके साथ जदयू के मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय कुदेव प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा संजय प्र कुशवाहा डब्ल्यू कुमार नरेश प्रसाद रविन्द्र कुशवाहा रामवृक्ष प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

## काको की फरहा निशात ने न्यायिक सेवा परीक्षा पास कर जहानाबाद का नाम रौशन किया

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। काको की फरहा निशात ने 32वीं बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा पास कर जज बनने का गौरव हासिल किया है। उनकी इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित है। फरहा निशात अब लड़कियों और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। फरहा की प्रारंभिक शिक्षा काको में हुई। उन्होंने क्लैट परीक्षा पास करने के बाद हिदायतुल्लाह नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ, रायपुर से 2018 में कानून की पढ़ाई पूरी कर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में लॉ क्लर्क सह रिसर्च असिस्टेंट के रूप में काम किया। जिससे उन्हें न्यायिक प्रक्रिया को नजदीक से समझने का अवसर मिला। इसके बाद बिहार न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की और पहली ही बार में सफलता प्राप्त कर

**» लड़कियों के लिये बनी प्रेरणा स्रोत**

ज़िला को गौरवान्वित किया। फरहा की मां, अकबरी खातून, गृहिणी हैं और उनके पिता निशात अख्तर, सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने अपनी बेटी की इस सफलता पर गर्व जताया और कहा कि यह पूरे परिवार और क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। फरहा निशात ने अपने परिश्रम और लगन से साबित कर दिया कि यदि ईमानदारी और मेहनत के साथ लक्ष्य को साधा जाये तो सफलता अवश्य मिलती है। उनकी सफलता ने खासकर महिलाओं को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। फरहा ने यह साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

# शादी के लिए आदर्श स्थल बना कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी

नई सोच एक्सप्रेस

**पूर्णिया**। फाइव स्टार होटल, कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी, खुद को क्षेत्र का प्रमुख वेडिंग डेस्टिनेशन बनाते हुए गर्व महसूस करता है। यह होटल विश्वस्तरीय आतिथ्य, शानदार वेन्यू और बेहतरीन भोजन के विकल्प प्रदान करता है, जो हर शादी को अविस्मरणीय बना देते हैं। शादी के अनुभव को और भी खास बनाने के लिए, होटल ने अपने नए वेडिंग मेन्यू पैकेज प्रारंभ किए हैं, जो अलग-अलग स्वाद और प्राथमिकताओं के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। नया पेश किया गया सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम मेन्यू पैकेज 2200 प्लस टैक्स प्रति व्यक्ति से शुरू होता

**» होटल ने शुरू किया नया वेडिंग मेन्यू पैकेज**

है। यह एक शानदार और अनुकूलन योग्य कूलिनरी जर्नी प्रदान करता है। मेहमान मारवाड़ी, बंगाली, नेपाली और बिहारी जैसे प्रामाणिक व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता हैं। हर मेन्यू को विशेष रूप से स्वाद और प्रस्तुति को ध्यान में रखते हुए रूपांकित किया गया है, ताकि शादी का हर आयोजन बेहतरीन अनुभव प्रदान कर सके। कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी अपने खूबसूरत वेन्यू के लिए प्रसिद्ध है, जो भव्य शादियों और



छोटे आयोजन दोनों के लिए संपूर्ण पृष्ठभूमि प्रदान करता है। यादगार पल बनाने के उद्देश्य से, होटल एक आदर्श मिश्रण प्रस्तुत करता है जिसमें परंपरा, आधुनिकता और भव्यता शामिल है। अपनी विशिष्ट आतिथ्य के लिए प्रसिद्ध, कोर्टयार्ड बाय मैरियट सिलीगुड़ी उत्कृष्ट सेवा प्रदान करता है, जिससे हर अतिथि का अनुभव विशेष और यादगार बनता है। शानदार वेन्यू, बेहतरीन सेवा और अद्वितीय भोजन अनुभव के साथ, यह फाइव स्टार होटल क्षेत्र में शादी के आयोजनों के लिए एक नई मिसाल कायम कर रहा है। अतिथि बुकिंग के लिए 7029900130 / 70299 00131 / 70299001321 इस नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## गुरु नानक देव खालसा कालेज में सुप्रीम के निर्णय की खुलेआम अवहेलना : दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी समन्वय समिति

नई सोच एक्सप्रेस

**दिल्ली**। दिल्ली विश्वविद्यालय के गुरुनानक देव खालसा कालेज में नियम तोड़ कर सहायक प्रोफेसर हिंदी की नियुक्ति की जा रही है। ज्ञात हो कि इस कालेज का विज्ञापन 15 नवंबर 2023 को प्रकाशित हुआ था,विज्ञापन में इस शर्त का लिखित उल्लेख है कि जिन अभ्यर्थियों का ए.पी.आई. 50 अंक है वे सभी अभ्यर्थी साक्षात्कार में बुलाए जाएंगे, लेकिन कालेज एवं विश्वविद्यालय प्रशासन इस नियम को नही मानते हुए साक्षात्कार करा रहा है जिसे 1 दिसंबर 2023 के बाद के विज्ञापित पदों पर लागू होना था। विश्वविद्यालय एवं कालेज प्रशासन पूर्णतया भ्रष्टाचार द्वारा नियुक्ति करने पर अमादा हैं,इस संकट से तमाम अभ्यर्थी परेशान है क्योंकि उन्हें साक्षात्कार देने से वंचित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन उनके भविष्य को कुचलने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय का भी उल्लंघन कर रहा है जिसमें अभी लगभग एक माह पूर्व सुप्रीम कोर्ट साफ कहा है कि नियुक्ति प्रक्रिया में विज्ञापन शर्तों को बाद में बदला नहीं जा सकता है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक शोधार्थी समन्वय समिति मांग करता है कि प्रशासन इस को जल्द से जल्द संज्ञान ले और सभी को समान मौका देते हुए सभी योग्य अभ्यर्थियों को मौका दें।

# जहानाबाद एरोड्रम में राहुल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस





**जहानाबाद**। एरोड्रम मैदान में दूसरे राहुल स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य आभा रानी, विजय मंडल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। समारोह की शुरुआत स्वर्गीय राहुल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद राष्ट्रगान का आयोजन हुआ और दोनों टीमों के बीच टॉस किया गया। पहले मुकाबले में KBR और सिक्सर किंग्स की टीमों के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर KBR ने बल्लेबाजी की शुरू किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय लेने के बाद आभा रानी ने टूर्नामेंट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य खेल और खेल भावना को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी राहुल की स्मृति में किया जा रहा है।15 15 ओवर का टूर्नामेंट जो रोमांचक मुकाबलों से भरा हुआ था। इसका फाइनल मुकाबला 24 दिसंबर को खेला जाएगा। विजेता टीम को 51 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 31 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के इस आयोजन ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह भर दिया है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने इसे खेल प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास बताया और इसे हर साल आयोजित करने की बात की है। टूर्नामेंट में न केवल खिलाड़ियों बल्कि स्थानीय दर्शकों में भी भारी उत्साह देखा गया है।

## भगवान महावीर जन्मस्थली वासोकुंड में मानस्तम्भ वेदी प्रतिष्ठा एवं अन्य आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। भगवान महावीर जन्मस्थली वासोकुंड वैशाली में मानस्तम्भ वेदी प्रतिष्ठा, शिखर कलशारोहण, सहस्त्रकूट जिनालय एवं तीस चौबीसी मंदिर शिलान्यास समारोह तथा आचार्य विद्यानन्द मुनिराज चरण छतरी स्थापना चार एवं पांच दिसम्बर को होगा। इस भव्य आयोजन में भाग लेने पटना से सैकड़ों की संख्या में जैन श्रद्धालुगण जा रहे हैं। पटना जैन संघ के सचिव मीडिया एम पी जैन ने बताया कि यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान भगवान महावीर स्मारक समिति, कुन्दकुन्द भारती, नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक अनुष्ठान स्मारक समिति के मुख्य संरक्षक साहू अखिलेश जैन, अध्यक्ष राजकुमार जैन, वरीय उपाध्यक्ष एवं निमार्णाध्यक्ष राकेश जैन, महामंत्री सतीश चन्द जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन, सहमंत्री सरिता जैन, जन्मभूमि आर्किटेक्ट अक्षय जैन आदि की देखरेख में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम के सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित नरेश कुमार जैन कांसल द्वारा सम्पन्न कराये जाएंगे। कार्यक्रम में कल चार दिसम्बर बुधवार को प्रातः भगवान का अभिषेक, शान्तिधारा, नित्य नियम पूजन होगा। इसके बाद सैकड़ों महिलाओं द्वारा सिर पर कलश लेकर घट यात्रा निकाली जाएगी। फिर मानस्तम्भ वेदी शुद्धिहोगी। तत्पश्चात सहस्त्रकूट जिनालय एवं तीस चौबीसी मंदिर का शिलान्यास होगा। दोपहर में यागमण्डल विधान होगा। संध्या सामूहिक आरती, भजन संध्या शात्र प्रवचन होंगे। दूसरे दिन गुरुवार पांच दिसम्बर को भगवान अभिषेक शांतिधारा एवं पूजन के बाद मानस्तंभ की वेदी में सभी भगवानों को विराजमान किया जाएगा।



# अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है। जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं। खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं। भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं- यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था।

उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की। ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था। यह भी चर्चा है कि श्रीलंका की नई सरकार वहां अडानी समूह को मिली परियोजना की समग्र जांच कराने पर विचार कर रही है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अडानी की परियोजनाओं पर भी हाल मे विवाद बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप के जीतते ही गौतम अडानी ने वहां दस बिलियन डॉलर के निवेश का एलान किया था। अब यह इरादा भी खटाई में पड़ सकता है। इन तमाम सूचनाओं से भारतीय शेयर बाजार को हिचकोले लगना और साथ ही देश में सियासी विवाद गरमाना लाजिमी है। उचित तो यह है कि कम-से-कम अब नरेंद्र मोदी सरकार अडानी विवाद की संसदीय जांच कराने पर राजी हो जाए।

# बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए

जो बाइडन का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल अंत की ओर है। उन्हें जनवरी में व्हाइट हाउस छोडऩा है इसलिए उन्हे अपना सामान बांधना है तो अपनी विरासत को भी संवारना है। उन्होंने 44वें राष्ट्रपति के रूप में जब पद संभाला था तब उन्हें उम्मीद थी कि वे ऐसी विरासत छोड़ जाएंगे जिसके चलते उन्हें फ्रैंकलिन डी रूज़वेल्ट (एफडीआर) के बाद अमेरिका के सबसे प्रगतिशील राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाएगा। लेकिन तकदीर को कुछ और मंजूर था। बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए है और वे कलह से भरी दुनिया छोड़े जा रहे हैं। कोई शक नहीं कि जो बाइडन का पद छोडऩा और डोनाल्ड ट्रंप का उनकी जगह लेना सत्ता के अन्य हस्तांतरणों की तुलना में बहुत डरावना है क्योंकि कई युद्ध जारी हैं। एक नयी जंग छिडऩे के आसार नजऱ आ रहे हैं। बाइडन प्रशासन अपने अंतिम दिनों में अधिक से अधिक काम निपटाने में जुटा हुआ है। उसे पर्दा गिरने से पहले बहुत कुछ करना है। पहला मसला है यूक्रेन का। बाइडन ने बहुत समय बर्बाद करने के बाद यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी गईं लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस ने यूक्रेन की सैन्य सहायता के लिए 6 अरब डालर की जो मंजूरी दी थी, उसकी बची हुई रकम उनके व्हाइट हाउस छोडऩे के पहले खर्च कर दी जाए। इस ह्रदय परिवर्तन का कारण शायद यह है कि रूस की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है जिसे अमेरिका युद्ध के विस्तार के रूप में देख रहा है। पश्चिमी मिसाइलों का इस्तेमाल रूस के भीतरी इलाकों पर हमले के लिए करने की इजाजत यूक्रेन को देकर बाइडन ने न केवल उत्तर कोरिया को बल्कि पुतिन को भी सन्देश दिया है। हालांकि इस फैसले से अग्रिम मोर्चों पर यूक्रेन की कमजोर स्थिति में कोई नाटकीय बदलाव नहीं होगा, लेकिन इससे यूक्रेन का मनोबल बढ़ेगा और 20 जनवरी के बाद ट्रंप की पहल पर होने वाली संभावित वार्ताओं में उसका पक्ष मजबूत होगा। ऐसा बताया जाता है कि ट्रम्प ने पुतिन को फ़ोन कर कहा है कि वे युद्ध को और तेज न करें। मगर क्रेमलिन का कहना है कि ऐसा कोई फ़ोन नहीं आया। दूसरा मसला है पश्चिम एशिया में युद्ध का। गाजा में शुरू हुआ युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है और अब शायद उसकी लपटें ईरान तक पहुँच जाएँ। इस मामले में एक और नया घटनाक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने बेंजामिन नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात कही है। बाइडन ने इसे असहनीय बताकर अमेरिका के पाखण्ड को उजागर किया है। फिर युद्धविराम की बातें भी हो रही हैं। इजराइल की कैबिनेट ने कल रात एक बैठक में हिजबुल्ला के खिलाफ 14 महीनों से चल रहे युद्ध को विराम देने को मंजूरी दी है। पहले से लिखी जा चुकी पटकथा का यह बहुत खूबसूरत मंचन था। नेतन्याहू ने टेलीविजऩ पर आकर अपने देश की जनता को समझौते के बारे में बताया। फिर जो बाइडन ने व्हाइट हाउस के रोज़ गार्डन में इसे एक 'ऐतिहासिक मौका' बताया। अब ऐसी उम्मीद है कि युद्ध ख़त्म हो सकता है। अमेरीका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, "हमास का पहले दिन से ही प्रयास रहा है कि वह इस युद्ध में दूसरों को भी घसीट ले। अगर उसे लगेगा कि नए दस्ते लड़ाई के मैदान की ओर कूच नहीं कर रहे हैं तो हमास वह करेगा जो इस लड़ाई को ख़त्म करने के लिए ज़रूरी है।" अमेरिका को अब उम्मीद है कि लेबनान के साथ हुए समझौते से गाजा में चल रही लड़ाई रुकेगी। जो हुआ उससे डोनाल्ड ट्रम्प खुश नहीं होंगे। उन्होंने अक्टूबर में लेबनानी-अमरीकी मतदाताओं से वायदा किया था कि वे उनकी मातृभूमि में लड़ाई बंद करवा देंगे। मगर बाइडन के शांति दूत बन जाने से वे यह श्रेय लेने से वंचित रह गए हैं। बाइडन अब केवल 55 दिनों तक राष्ट्रपति रहेंगे। जाहिर है कि वे जल्दी में हैं। वे नेपथ्य की ओर खिसकते जा रहे हैं और मंच की स्पॉटलाइट अब उन पर नहीं है। उनका उत्तराधिकारी आने वाले दिनों को आकार देने में जुटा हुआ है। मगर इस सबके बावजूद ओवल ऑफिस में तो अभी वे ही बैठते हैं।

# महाराष्ट्र का चुनाव हिन्दुत्व एकजुटता का परिणाम



आरती कुमारी



पिछले दिनों महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा का चुनाव परिणाम सामने आया जिसमें बीजेपी और उनके सहयोगियों को प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ। ये तो तय था कि एनडीए को बहुमत प्राप्त होगा लेकिन इस प्रकार की सूनामी की संभावना कतई नहीं थी । दरअसल इसकी पटकथा तब ही लिख दी गई थी जब उद्धव ठाकरे ने मुख्यमंत्री बनने के लिए बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस और एनसीपी का दामन थामा था। जनता इस अवसर के तलाश में थी कि कब उनको मौका मिले ताकि इनको सबक सिखाया जा सके। बाला साहेब ठाकरे ने जिस हिंदुत्व के आधार पर शिवसेना की स्थापना की थी, उद्धव ठाकरे ने सत्ता के लालच में उसकी तिलांजलि दे दी। महाराष्ट्र की जनता ये पूरा प्रकरण देख रही थी। लोकसभा के चुनाव में बीजेपी को जो सीट कम आई थी उसका कारण 400 पार का नारा था जिसने जनता को आश्वस्त कर दिया था कि बीजेपी को 400सीट आ ही जाएगी। इसलिए बीजेपी के कोर वोटर अपने घरों से नहीं निकले और मुगालते में रह गए। लोकसभा के चुनाव परिणाम से विपक्षी दल जनता जनार्दन की मनोकामना का आकलन नहीं कर सके और उनकी करारी शिकस्त हो गई। अजित पवार को अपने चाचा से दुगनी सीट मिली. उसका कारण साफ था कि जनता ये देख रही थी कि अजित पवार ही शरद पवार के बाद उनके उत्तराधिकारी बन सकते थे लेकिन पुत्री मोह में शरद पवार ने अजित पवार के बजाय सुप्रिया सुले को महत्त्व दिया । जनता इस बात को नहीं भूल पाई। वैसे अजित पवार को भी लोकसभा के चुनाव में अपनी पत्नी को सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारना महंगा पड़ा था। दरअसल परिवार में खींचतान से जनता में गलत संदेश जाता है। एकनाथ शिंदे ने जो राह पकड़ी, उसको जनता का पूरा आशीर्वाद प्राप्त हुआ। बाला साहेब ठाकरे कभी भी कांग्रेस के साथ हाथ नहीं मिला सकते थे। उद्धव ठाकरे ने ऐसा करके महाराष्ट्र में अपनी साख खो दिया है। अब वह जमीन उनकी पार्टी को कभी भी प्राप्त नहीं हो सकती । महाराष्ट्र के चुनाव में बहुत से मुद्दे थे जिनमें किसानों द्वारा आत्महत्या का मामला, सोयाबीन और कपास का उचित मूल्य नहीं मिलना आदि लेकिन चुनाव में जनता ने इन मुद्दों को नजरअंदाज करके केवल हिंदुत्व के नाम पर वोट दिया। योगी आदित्यनाथ का ये नारा कि बटोगे तो कटोगे और प्रधानमंत्री का ये नारा एक हैं तो सेफ हैं, बहुत कारगर साबित हुआ। दरअसल इस चुनाव में ओबीसी वोटरों ने एकमुश्त एनडीए को वोट दिया। इसके अलावा हिन्दू वोटरों के ध्रुवीकरण का कारण ये था कि एक समुदाय के संगठनों ने अपनी वे मांगे रख दी जो हिंदुओं को बेहद आपत्तिजनक लगी। महाराष्ट्र में कोई आरएसएस पे बैन लगाने को कहे तो इसका विरोध वहां का हर हिन्दू करेगा। कांग्रेस ,एनसीपी, शरद पवार, और उद्धव ठाकरे के मंचो पर ये मांग करने वाले एक समुदाय की उपस्थिति ने हिन्दू वोटरों के ध्रुवीकरण करने का काम किया। एक समुदाय के प्रति एक नफ़रत का भाव जागरूक हो गया। मराठा हमेशा से एक समुदाय से लड़ते रहे और ये भाव उनके अंदर आज भी है। ओबैसी जैसे नेताओं ने आग में घी डालने का काम किया। हिन्दू अपने जात पात से उठकर केवल हिन्दू होने के नाम पर वोट दिया और अब ऐसा ही होगा। एक समुदाय अपने आप को संगठित करके अपना वोट केवल विपक्षी दलों को देंगे तो यकीन मानिए आने वाले समय में हिंदुओं के वोट का ध्रुवीकरण होगा और तब कांग्रेस जैसे दलों का सूपड़ा साफ होने में देर नहीं लगेगी. एक समुदाय का एक एकजुट होना हिंदुओं के अंदर भी जागृति पैदा करेगा। हिन्दू अपने जातीय भेदभाव भुलाकर हिन्दू के नाम पर वोट देगा। अगर अस्सी प्रतिशत हिन्दू एकजुट हो जाएं तो एक भी अन्य समुदाय के जनप्रतिनिधियों का चुना जाना असम्भव हो जाएगा। आने वाले समय में ये आसार नजर आता है। उत्तरप्रदेश के उपचुनाव का जो परिणाम आया है वह इसी ओर इशारा कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ का हिन्दू वाला कार्ड बखूबी चल गया है। अब देश में जो दल एक समुदाय की बात करता नजर आएगा, उसका सूपड़ा साफ होना निश्चित है। अब केवल दक्षिण के राज्यों में हिंदुओं में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। वहाँ संघ भी अभी तक अपने पैर नही जमा पाया है। अगर संघ किसी तरह वहाँ घुसपैठ कर लेता है तो धीरे धीरे वहाँ भी एनडीए अपना पाँव पसार सकता है। महाराष्ट्र में हिन्दू कार्ड बखूबी चल गया है और ये अभी चलेगा। जबतक एक आदमी के हाथ में कांग्रेस की कमान है, तब तक बीजेपी को चिंता करने की कोई आवश्यकता नही है। झारखंड में चुनाव परिणाम आशा के अनुरूप रहा क्योंकि बीजेपी वहाँ कोई भी करिश्माई आदिवासी नेता सामने नहीं ला सकी है। विगत में गैर आदिवासी रघुवर दास को मुख्यमंत्री बनाना बीजेपी की बहुत बड़ी भूल थी .इससे वहां के आदिवासियों में बीजेपी के प्रति संदेह उत्पन्न हो गया। अब वहाँ का आदिवासी समुदाय बीजेपी को वोट नही दे पा रहा है। केवल शहरी इलाकों में बीजेपी का प्रभाव है। बाबूलाल मरांडी जैसे आदिवासी नेता भी बीजेपी का कुछ भला नही कर पाएंगे। इसके लिए बीजेपी को कोई तेजतर्रार युवा आदिवासी नेता की आवश्यकता है। जबतक सरकार के प्रति गहरा असंतोष नहीं होगा, तबतक सत्ता परिवर्तन आसान नहीं होगा। इसबार बीजेपी कुछ कर सकती थी लेकिन बीजेपी ने किसी चेहरे पर यहाँ चुनाव नहीं लड़ा जिसका खामियाजा उसे उठाना पड़ा। जबतक किसी चेहरे पर आप चुनाव में नहीं उतरेंगे तो बंगाल और झारखंड में सत्ता परिवर्तन संभव नहीं है। आज दिल्ली में वही स्थिति है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के पास कोई चेहरा उपलब्ध नहीं है जो केजरीवाल का मुकाबला कर सके। ये अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इस बार के विधानसभा चुनाव में फिर से केजरीवाल की आम आदमी पार्टी फिर से सत्ता में ना आ जाये।आज विपक्ष के पास मोदी के सामने टिकने वाला कोई चेहरा नहीं है जो बीजेपी को लोकसभा के चुनाव में टक्कर दे सके। दरअसल लोकसभा और विधानसभा का चुनाव अलग अलग होता है। लोकसभा के लिये राष्ट्रीय स्तर का नेता चाहिये होता है और विधानसभा के लिए राज्य स्तर के नेता की जरूरत होती है।और दोनों स्तरों पर मुद्दे भी अलग अलग होते हैं लेकिन अगर धार्मिक आधार पर वोटों का ध्रुवीकरण हो जाता है तो एक समुदाय परस्त पार्टियों का सत्ता में आना मुश्किल हो जाएगा। विधानसभा चुनाव में बेशक बंगाल और दक्षिण के राज्यों में विपक्षी दल सत्ता में आ जायें लेकिन राष्ट्रीय स्तर बीजेपी को हराना बेहद मुश्किल जान पड़ता है। जिस तरह से हिंदुओं में जागरूकता बढ़ रही है कि हिन्दू सिर्फ हिन्दू है वैसे में हिंदुओं में जातीय बंधन टूटना तय है। इस पर सभी दलों के नेताओं को विचार करना पड़ेगा।

# गैस कांड के 40 साल; विकास की दौड़ में पिछड़ा भोपाल

अशोक भाटिया , मुंबई

भोपाल शहर में 3 दिसंबर की 1984 की सुबह को जब लोग नींद में से उठे तब तक यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) संयंत्र से अत्यधिक जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस लीक के कारण 5,479 लोग मारे जा चुके थे और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए थे। यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री काली परेड औद्योगिक परिसर का हिस्सा थी और यह वर्तमान पुराने शहर के बाहरी इलाके में थी। घटनाक्रम के अनुसार 2 दिसंबर 1984 की मध्य रात से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की हवा जहरीली हो रही थी। रात होते ही और 3 तारीख लगते ही ये हवा जहरीली तो रही, लेकिन साथ ही जानलेवा भी हो गई। कारण था यूनियन कार्बाइड की फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का लीक होना।गैस के लीक होने की वजह थी टैंक नंबर 610 में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का पानी से मिल जाना। इससे टैंक में दबाव बन गया और वो खुल गया। फिर इससे निकली वो गैस, जिसने हजारों की जान ले ली और लाखों को विकलांग बना दिया, जिसका दंश आज भी दिखाई पड़ता है।2-3 दिसंबर की रात भोपाल के लिए वो रात थी जब हवा में मौत बह रही थी। फैक्ट्री के पास ही झुग्गी-बस्ती बनी थी, जहां काम की तलाश में दूर-दराज गांव से आकर लोग रह रहे थे। इन झुग्गी-बस्तियों में रह रहे कुछ लोगों को तो नींद में ही मौत आ गई। जब गैस धीरे-धीरे लोगों को घरों में घुसने लगी, तो लोग घबराकर बाहर आए, लेकिन यहां तो हालात और भी ज्यादा खराब थे। किसी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, तो कोई हांफते-हांफते ही मर गया। इस तरह के हादसे के लिए कोई तैयार नहीं था। बताते हैं कि उस समय फैक्ट्री का अलार्म सिस्टम भी घंटों तक बंद रहा था, जबकि उसे बिना किसी देरी के ही बजना था। जैसे-जैसे रात बीत रही थी, अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही थी, लेकिन डॉक्टरों को ये मालूम नहीं था कि हुआ क्या है? और इसका इलाज कैसे करना है?उस समय किसी की आंखों के सामने अंधेरा छा रहा था, तो किसी का सिर चकरा रहा था और सांस की तकलीफ तो सभी को थी। एक अनुमान के मुताबिक, सिर्फ दो दिन में ही 50 हजार से ज्यादा लोग इलाज के लिए पहुंचे थे। जबकि, कइयों की लाशें तो सड़कों पर ही पड़ी थीं। भोपाल गैस त्रासदी की गिनती सबसे खतरनाक औद्योगिक दुर्घटना में होती है। इसमें कितनों की जान गई? कितने अपंग हो गए? इस बात का कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस दुर्घटना में 3,787 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 5.74 लाख से ज्यादा लोग घायल या अपंग हुए थे। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में पेश किए गए एक आंकड़े में बताया गया है कि दुर्घटना ने 15,724 लोगों की जान ले ली थी।इस हादसे का मुख्य आरोपी था वॉरेन एंडरसन, जो इस कंपनी का CEO था। 6 दिसंबर 1984 को एंडरसन को गिरफ्तार भी किया गया, लेकिन अगले ही दिन 7 दिसंबर को उन्हें सरकारी विमान से दिल्ली भेजा गया और वहां से वो अमेरिका चले गए। इसके बाद एंडरसन कभी भारत लौटकर नहीं आए। कोर्ट ने उन्हें फरार घोषित कर दिया था। 29 सितंबर 2014 को फ्लोरिडा के वीरो बीच पर 93 साल की उम्र में एंडरसन का निधन हो गया।गैस लीक होने के 8 घंटे बाद भोपाल को जहरीली गैस के असर से मुक्त मान लिया गया था, लेकिन 1984 में हुई इस दुर्घटना से मिले जख्म 38 साल बाद भी भरे नहीं हैं। गैस पीड़ितों के लिए बने सबसे बड़े और एकमात्र सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बीएमएचआरसी के हाल ये हैं, कि यहां कई विशेषज्ञ डॉक्टर नौकरी छोड़ कर निजी अस्पतालों में ऊंची तनख्वाहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । बार-बार विभाग बदलने और डॉक्टरों के सेवा नियमों में बदलाव के चलते यहां से डॉक्टरों का 2012 से पलायन शुरू हो गया था । अब तक नियमित और संविदा मिलाकर 23 सुपर स्पेशलिस्ट यहां से जा चुके हैं । 1998 में बने इस अस्पताल को बनाने के पीछे मकसद था कि गैस पीड़ितों को सबसे अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन हकीकत यह है कि कैंसर सर्जरी, कैंसर मेडिसिन, किडनी रोग, यूरोलाजी और उदर विभागों में तो एक भी डॉक्टर नहीं है । किडनी मरीजों की डायलिसिस की जा रही है, लेकिन किडनी का कोई विशेषज्ञ नहीं है । अस्पताल में करोड़ों रुपए की मशीनें खरीद ली गयीं, पर चलाने वाले ही नहीं हैं । भोपाल ग्रुप फॉर इनफॉरमेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा का कहना है कि बीएमएचआरसी में न तो डॉक्टर हैं और न ही जांच और इलाज की पर्याप्त सुविधाएं । जिस अस्पताल का काम गैस पीड़ितों का सही इलाज और शोध करना था, वहां गैस पीड़ित इलाज और दवा के अभाव में असमय मर रहे हैं । गैस पीड़ितों के हाल इससे ही समझे जा सकते हैं कि उनके अस्पताल, इलाज, मुआवजे के लिए सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लंबी लड़ाई लड़ने वाले गैस पीड़ित महिला उद्योग संगठन के नेता अब्दुल जब्बार को ही समय पर इलाज नहीं मिल पाया । 2 वर्ष पूर्व बीएमएचआरसी में बेहतर इलाज न मिलने के कारण उनकी मौत हो गई । उसी बीएमएचआरसी में जो गैस पीड़ितों के लिए ही बना है । जब्बार देश-विदेश में गैस पीड़ितों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का प्रमुख चेहरा थे ।गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट ने मीडिया को अपने अध्ययन के हवाले से बताया कि बीते 15 साल में गैस पीड़ितों में बीमारियां 3 गुना ज्यादा बढ़ी । गैस पीड़ितों में किडनी, लिवर, लंग्स, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी तमाम बीमारियां बढ़ गई । ट्रस्ट के सतीनाथ षडंगी और संभावना क्लीनिक के डा . संजय श्रीवास्तव ने 15 साल में 27 हजार 155 गैस पीड़ितों के इलाज के दौरान सामने आये आंकड़ों के आधार पर ये दावा किया । उन्होंने अपने विश्लेषण में पाया है कि यूनियन कार्बाइड की जहरीली गैस से पीड़ित लोगों में स्वस्थ लोगों की तुलना में वजन और मोटापे की समस्या 3 गुना ज्यादा है । इसके अलावा थायराइड की बीमारी की दर लगभग 2 गुना ज्यादा है । गैस त्रासदी के शिकार होने की वजह से पीड़ितों के शरीर के अंदरूनी और बाहरी तंत्र को स्थाई रूप से नुकसान पहुंचा है । 40 साल पहले हुई इस गैस त्रासदी ने कई महिलाओं की कोख को आबाद नहीं होने दिया । जहरीले रसायन का असर ऐसा था कि बार-बार महिलाओं का गर्भपात हो जाता था । यह बात कई शोधों, अध्ययनों और सर्वे रपिोर्ट्स के माध्यम से जाहिर हो चुकी है । सन् 2012 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी यूनियन कार्बाइड कारखाने में दफन जहरीला रासायनिक कचरा राज्य की सरकारें हटवाने में आज तक नाकाम रहीं । सुप्रीम कोर्ट का आदेश था कि वैज्ञानिक तरीके से कचरे का निष्पादन किया जाए, लेकिन कारखाने में दफन 346 टन जहरीले कचरे में से 2015 तक केवल एक टन कचरे को हटाया जा सका । इस काम का ठेका रामको इन्वायरो नामक कंपनी को दिया गया है । लेकिन कचरा अभी तक क्यों नहीं हटाया जा सका, इसका जवाब किसी के पास नहीं है । इस कचरे के कारण यूनियन कार्बाइड के आसपास की 42 से ज्यादा बस्तियों का भूजल जहरीला हो चुका है । पानी पीने लायक नहीं है, लेकिन किसी को फिक्र नहीं है । गैस पीड़ितों के लिए काम करने वाले संगठन संभावना ट्रस्ट के प्रबंधक, न्यासी सतीनाथ षडंगी ने 1 दिसंबर मंगलवार को त्रासदी की 36वीं बरसी की पूर्व संध्या पर दावा किया कि परिसर में पड़े जहरीले कचरे का दुष्प्रभाव भोपाल रेलवे स्टेशन तक पहुंच गया है । यूनियन कार्बाइड कारखाने और स्टेशन की दूरी डेढ़ से दो किलोमीटर है । दो साल पहले तक जहरीले कचरे से आसपास की 48 बस्तियों के भूमिगत जल स्त्रोत प्रभावित हुए थे । लेकिन इसका भूमिगत दायरा बढ़कर भोपाल स्टेशन तक जा पहुंचा है । इससे उन रहवासियों के लिए दिक्कतें होंगी, जो इस इलाके के भूमिगत जल स्त्रोतों का उपयोग करते हैं । केंद्र सरकार ने वर्ष 2010 में सुधार याचिका लगाई थी, जो पांच न्यायाधीश वाली संविधान पीठ के पास है। इस पर विगत 11 अक्टूबर को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार की ओर से जनवरी 2023 में होने वाली सुनवाई में तथ्यों के साथ बहस करने का भरोसा दिया है। दुनिया की बड़ी औद्योगिक त्रासदी में शामिल भोपाल गैस कांड पर सुप्रीम कोर्ट में 38 वर्ष बाद शुरू हुई सुधार याचिका पर सुनवाई ने गैस पीड़ितों में न्याय की उम्मीद जगा दी है। दो व तीन दिसंबर 1984 की दरमियानी रात हुई इस त्रासदी में हजारों परिवारों ने अपना सब कुछ दिया था । इन परिवारों की अब तीसरी पीढ़ी भी त्रासदी का दंश झेलने का मजबूर है। सरकार ने गैस पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य से लेकर तमाम सुविधाएं समय-समय पर मुहैया कराने के प्रयास किए, लेकिन लचर व्यवस्था के चलते प्रयास नाकाफी रहे। ज्यादातर पीड़ित परिवारों के पास रोजगार के साधन नहीं रहे । ये रोज कमाते और रोज खाते रहे । त्रासदी के बाद पीड़ितों को दिए गए मुआवजे को गैस पीड़ित संगठन नाकाफी बताते रहे और उनकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गई। बताया जाता है कि इस आपदा के कारण, भोपाल राज्य की राजधानियों के विकास की दौड़ में पिछड़ गया। भोपाल में कोई नया औद्योगिक और बड़ा व्यवसाय विकास नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप शहर के विकास की गति धीमी हो गई। गैस त्रासदी के समय, भोपाल की आबादी लगभग 8. 5 लाख थी। बताया गया कि लगभग 5. 2 लाख लोग, जिनमें 2 लाख बच्चे और लगभग 3,000 गर्भवती महिलाएं शामिल थीं, उस समय 36 वार्डों में रह रहे थे, जिन्हें बाद में "गैस प्रभावित" घोषित किया गया। आपदा के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और प्रदूषण के बने रहने के डर से बड़ी संख्या में लोग शहर छोड़कर चले गए। लेकिन समय के साथ, शहरीकरण और आर्थिक अवसरों जैसे कारकों से प्रभावित होकर जनसंख्या स्थिर हो गई और बढ़ने लगी। 1991 तक, जनसंख्या में वृद्धि हुई, जो धीरे-धीरे वापसी और निवासियों के आने का संकेत देती है। बताते है कि संदूषण की चिंताओं के कारण गैस रिसाव स्थल के आसपास के क्षेत्र में विकास धीमी गति से हुआ, क्योंकि लोग गैस रिसाव के असर को लेकर सतर्क थे।




**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।

**वृष राशिः** आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है , लेकिन धैर्य बनाए रखें।

**सिंह राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा। आपको किसी से दूरसंचार से शुभ सूचना मिल सकती है, घर में ख़ुशी का माहौल बनेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं, जहां अपने मित्रों के साथ खूब इंजॉय करेंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं। सपनों को साकार करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन का आगमन होगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। आपका विनम्र स्वभाव साराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है, इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मीन राशिः**आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं। रिश्तेदारों के घर आने से दिनभर का सेड्यूल बदल सकता है, घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा।

# भविष्य को देखते हुए वाशिंगटन सुंदर को तैयार कर रहा टीम प्रबंधन : हरभजन



**मुंबई।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टीम प्रबंधन अब भविष्य को देखते हुए स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर को तैयार करे। युवा वाशिंगटन सुंदर कोच को गौतम गंभीर भी पसंद करते हैं। हरभजन के अनुसार अभी तक आर अश्विन ने भारतीय टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन किया है पर अब आने वाले समय को देखते हुए उनका विकल्प तैयार रखना होगा। अश्विन ने अपने करियर में भारत के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया है प अब उनकी उम्र बढ़ती जा रही है।हरभजन ने कहा कि अब अश्विन 38 साल है इसलिए टीम प्रबंध्न वाशिंगटन सुंदर को को अवसर दे रहा है क्योंकि जब भी अश्विन संन्यास लेंगे तो वह उनके साथ होगा। टीम को लगता है कि उन्हें वाशिंगटन को तैयार करना है इसलिए मुझे लगता है कि वे उसी राह पर काम कर रहे हैं। भारतीय टीम अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 दिसंबर से शुरु होने वाले दिन-रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है। भारतीय टीम अपनी इसमें अपनी अंतिम 11 को लेकर संशय में है। टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा वापस टीम से जुड़ चुके हैं। वहीं शुभमन गिल भी अंगूठे की चोट से उभरने के बाद वापसी कर रहे हैं। ऐसे में पहले टेस्ट की विजेता टीम से दो लोगों को बाहर रखन होगा।

# डब्यूटीसी फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका हैं प्रबल दावेदार




**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्यूटीसी) फाइनल के लिए भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यहां तक कि यहां तक कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड से हारकर भी फाइनल की रेस से पूरी तक बाहर नहीं हुई है। दौड़ में बने रहने उसे अपने बाकी बचे दो मैच जीतने होंगे। इसके अलावा उम्मीद करनी होगी कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से हराए। दक्षिण अफ्रीका की टीम श्रीलंका को 2-0 और पाकिस्तान को 2-0 या 2-1 से हराए। फिर श्रीलंका की टीम ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराए या सीरीज 1-1 से बराबर रहे। भारतीय टीम ने पिछली 2 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने भी अपनी घरेलू धरती पर पाकिस्तान और श्रीलंका को कई बार हराया है। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया को 4-0 या 4-1 से सीरीज में हराए तो उसका फाइनल खेलना तय है। वहीं अगर भारत अगर 3-2 से सीरीज जीते तो उसके 58.77 अंक रहेंगे। ऐसा होने पर उसे चाहिये होगा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम श्रीलंका से सीरीज ना जीते। भारतीय टीम अगर ऑस्ट्रेलिया से 3-2 या 2-1 से जीती तो दूसरी टीमों के प्रदर्शन से उसका फाइनल में पहुंचना तय होगा। वहीं यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम यदि भारत को 3-1, 4-1 सर 4-0 से हराए और फिर श्रीलंका से भी सीरीज जीते तो फाइनल में पहुंचेगी। . यदि ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से 2-1 से जीते और फिर श्रीलंका को 2-0 से हराए तो भी फाइनल में पहुंच सकती है। इसके अलावा अगर ऑस्ट्रेलिया की टीम भारत से सीरीज हार जाए और उसके बाद श्रीलंका को 2-0 से हराए तो तो भी वह फाइनल में पहुंच जाएगी। दक्षिण अफ्रीका के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने की संभावना सबसे अधिक है. उसके डब्ल्यूटीसी पॉइंट टेबल में 59.26 अंक (परसेंट) हैं। उसे अभी 3 मैच और खेलने हैं। उसके तीनों ही मैच घर पर हैं. इनमें से दो मैच जीतकर भी वह फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है। अगर श्रीलंका की टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज बराबर करा ले तो उसके 54.55 अंक (परसेंट) हो जाएंगे। अगर श्रीलंका की टीम इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को अपने घरेलू सीरीज में दोनों मैच हरा दे तो वह 61.54 अंक (परसेंट) तक पहुंच सकती है, जो वह आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगी। अगर भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से 2-1 से सीरीज जीते तो उस पर फाइनल से बाहर होने का पूरा खतरा बना रहेगा। ऐसा होने पर भारत के 57.02 अंक (परसेंट) रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया को भारत के बाद श्रीलंका में भी सीरीज खेलनी है। अगर ऑस्ट्रेलिया-श्रीलंका की सीरीज 1-1 से बराबर रहे तो वह बाहर हो जाएगी।

# दूसरी सबसे बड़ी लीग बनती जा रही एसए20 : स्मिथ




**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीकी अफ्रीकी क्रिकेट लीग एसए20 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी लीग बनने की राह पर है। स्मिथ एसए20 लीग के आयुक्त हैं और उनका लीग को इस स्तर तक आने में विशेष योगदान रहा है। एसए20 का आयोजन पहले दो सत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के साथ ही किया गया था पर इस बार यह लीग नए साल में होने वाले टेस्ट मैच के बाद खेली जाएगी। दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ी भी इसमें भाग ले सकें। प्रतियोगिता के तीसरे सत्र में भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी इसमें खेलेंगे। वह इस लीग में इसमें खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। स्मिथ ने कहा,''यह कहना सही नहीं लगता कि आप दुनिया की दूसरे नंबर की लीग बनना चाहते हैं पर सच्चाई यही है कि आईपीएल का कोई जवाब नहीं है। वह अविश्वसनीय टूर्नामेंट है जिसने क्रिकेट को बदल कर रख दिया'' उन्होंने कहा,''हम भाग्यशाली हैं कि हमने आईपीएल की छह फ्रेंचाइजी को अपनी तरफ आकर्षित किया है। हमने एसए20 को आगे बढ़ाने के लिए बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ मिलकर काम किया। हमें उनसे काफी कुछ सीखने को मिला।'' कार्तिक इस टूर्नामेंट में पार्ल रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वह लीग के भारत के दूत भी हैं। उन्होंने कहा कि इस साल की शुरुआत में सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के बाद एसए20 सबसे अच्छी प्रतियोगिता थी जिसमें वह भाग ले सकते थे। कार्तिक ने कहा,''जब मैंने आईपीएल के बाद संन्यास लेने की घोषणा की तो तब भी मैं क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता था। मैं सोच रहा था कि मेरे लिए क्या विकल्प है और इसका पता कैसे करना है क्योंकि मैं कभी किसी अन्य लीग का हिस्सा नहीं रहा।'' उन्होंने कहा,''मैंने उन खिलाड़ियों से पूछा जो अन्य लीग का हिस्सा रहे हैं और एक बात जो सर्वसम्मति से सामने आई, वह यह थी कि एसए20 अभी आईपीएल के बाद सबसे बेहतर टूर्नामेंट है।

# विश्व कप जीतने की कमी 2026 में पूरी करना चाहते हैं हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारत की सीनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि वह अपने करियर में आज तक विश्व कप में पदक नहीं जीत पाये हैं और इस कमी को 2026 में होने वाले टूर्नामेंट में पूरा करना चाहते हैं। भारत ने विश्व कप में अभी तक तीन पदक जीते हैं। उसने 1971 (बार्सिलोना) में कांस्य, 1973 में रजत (एम्स्टेलवीन, नीदरलैंड) और 1975 (कुआलालंपुर) में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद से ही भारतीय टीम विश्वकप में पदक नहीं जीत पायी है। हरमनप्रीत तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य थे। पेरिस ओलंपिक खेलों में उनकी कप्तानी में टीम ने कांस्य पदक जीता था। वह 2016 में लखनऊ में जूनियर विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य भी थे। हरमनप्रीत ने कहा कि हमारा लक्ष्य हमेशा ओलंपिक में स्वर्ण पदक और विश्व कप में पदक जीतना होगा। हमने पेरिस में जिस तरह से प्रदर्शन किया उससे पता चलता है कि हम किसी भी शीर्ष टीम का सामना करके जीत हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभी हमारा लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के मैच हैं। हम एशिया कप में जीत दर्ज करते विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना चाहते हैं। हमने लंबे समय से विश्व कप में पदक नहीं जीता है और मैं अपने करियर में इसे जीतना चाहता हूं। हरमनप्रीत ने कहा कि उम्मीद है कि हम अपने करियर के दौरान उन सुनहरे दिनों को फिर से हासिल कर सकेंगे।

# ईसीबी ने पीएसएल सहित विश्व की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में अपने खिलाड़ियों के खेलने पर रोक लगायी

- केवल आईपीएल में ही खेल सकेंगे




**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाड़ी अब पाकिस्तान सुपर लीग में नहीं खेल पाएंगे। इसका कारण है कि इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने अपनी खिलाड़ियों के इस लीग में आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। ईसीबी के अनुसार पीएसएल के समय ही देश में घरेलू सत्र भी चलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की उपलब्धता में आ रही परेशानी को दूसरे करने के लिए ईसीबी ने अपने खिलाड़ियों के उस समय कहीं और खेलने पर रोक लगा दी है। आईपीएल पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होता है। इंग्लैंड ने हाल ही में आईपीएल के अगले तीन सीज के लिए अपने खिलाड़ियों की पूरी उपलब्धता की पुष्टी की है। खिलाड़ियों को आईपीएल के अलावा पीएसएल और दुनिया की अन्य फ्रेंचाइजी लीगों में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी क्योंकि ये गर्मियों में घरेलू सत्र के साथ टकराती हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि, ईसीबी खिलाड़ियों को वाइटैलिटी ब्लास्ट और हंड्रेड के साथ टकराने वाले किसी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगी। नई नीति के तहत जो खिलाड़ी अब फर्स्ट क्लास क्रिकेट नहीं खेलते हैं उन्हें भी इंग्लिश घरेलू व्हाइट-बॉल खेलों को मिस करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ईसीबी के मुख्य अधिकारी रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि हमें अपने खेल और अपनी प्रतियोगिताओं की मजबूती को बनाये रखने की आवश्यकता है।

## व्यापार

# गिरावट के साथ खुले शेयर बाजार

- सेंसेक्स 300 अंक टूटा, निफ्टी 24,140 पर




**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतो की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने धीमी शुरुआत की। यह गिरावट सितंबर तिमाही के अपेक्षा से कम जीडीपी आंकड़ों के कारण हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 306 अंक की गिरावट के साथ 79,496.63 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 24,140.85 पर कारोबार करता दिखा। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स में 30 में से 24 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिखे। इसमें इंफोसिस, एनटीपीसी और एलएंडटी सबसे ज्यादा नुकसान में रहे। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.19 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई, जबकि बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.06 फीसदी नीचे रहा। सोमवार सुबह के कारोबार में निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। वहीं बीते हफ्ते भारतीय शेयर बाजार ने मजबूती के साथ समाप्ति की। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 0.96 फीसदी बढ़कर 79,802.79 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 24,131.10 पर बंद हुआ। एशिया-प्रशांत बाजारों ने नए हफ्ते की शुरुआत सकारात्मक संकेतों के साथ की। निवेशक जापान, कोरिया और चीन सहित प्रमुख देशों से आने वाले आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। चीन ने सप्ताहांत में नवंबर का आधिकारिक पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) डेटा जारी किया। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 50.3 पर पहुंचा, जो अप्रैल के बाद का उच्चतम स्तर है। यह अक्टूबर के 50.1 और अर्थशास्त्रियों के 50.2 के अनुमान से थोड़ा बेहतर है। वहीं एशियाई बाजारों में तेजी देखने को मिल रही है। निक्केई 0.33 फीसदी चढ़ा, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.77 फीसदी बढ़ा। कोस्पी 0.85 फीसदी और एएसएक्स 200 में 0.35 फीसदी की बढ़त रही। अमेरिकी शेयर बाजार भी पिछले हफ्ते मजबूती के साथ बंद हुए। शुक्रवार को डॉव जोंस और एसएंडपी 500 ने रिकॉर्ड स्तर छुआ। एसएंडपी 500 में 0.56 फीसदी, नैस्डैक में 0.83 फीसदी और डॉव जोंस में 0.42 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

# जलवायु चुनौतियों के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं: पीयूष गोयल

## कहा-भागीदार देशों के बीच तालमेल से दुनिया को एकता का संदेश मिलेगा




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि वैश्विक पर्यावरणीय क्षति के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं है, बल्कि यह नुकसान उन विकसित देशों की वजह से हुआ है, जिन्होंने कम लागत वाली ऊर्जा का लाभ उठाया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भागीदारी शिखर सम्मेलन 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और पर्यावरण संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए उपभोग के टिकाऊ तरीकों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। वाणिज्य मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्यावरण और स्थिरता के प्रति प्रत्येक भागीदार देश की साझा जिम्मेदारियां हैं लेकिन शिखर सम्मेलन में उपस्थित देश पर्यावरण को होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर काम करना होगा लेकिन पर्यावरण समस्या में उनके योगदान के आधार पर सभी को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। शिखर सम्मेलन में भागीदार देशों में इटली, इज़राइल, भूटान, बहरीन, अल्जीरिया, नेपाल, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार, कतर के व्यापार मंत्री और कंबोडिया साम्राज्य के वाणिज्य मंत्रालय के राज्य सचिव शामिल थे।

## देश-राज्यों से बड़ी ख़बरें

1 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम इंटर्नशिप स्कीम' की शुरुआत किए;संसद के शीतकालीन सत्र का 5वां दिन:वित्त मंत्री सीतारमण लोकसभा में बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक पेश कर सकती हैं
2 Syed Modi International 2024: पीवी सिंधु ने दो साल बाद पहला खिताब जीता, त्रिशा-गायत्री की ऐतिहासिक जीत;राहुल बोले:जीडीपी गिरी,महंगाई बढ़ी,भारतीय अर्थव्यवस्था से चंद अरबपतियों को ही फायदा;बेरोजगारी ने तोड़ा 45 साल का रिकॉर्ड!
3 ट्रंप ने भारत सहित BRICS देशों को दी 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी,कहा:कोई दूसरा बेवकूफ़ ढूंढो';चुनाव आयोग के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती,मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का मामला;आज सुनवाई
4 आपने भी तो भेजा था पत्रक;पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों ने पत्र लिखकर पीएम मोदी से अजमेर दरगाह विवाद पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया
5 कौन होगा महाराष्ट्र का 'बॉस'? आज उठेगा सस्पेंस से पर्दा,फड़णवीस का नाम फाइनल;अब कई विभागों के बंटवारे पर बात होगी
6 शिंदे बोले:महाराष्ट्र के सीएम ने आज फैसला किया,दावा:महायुति में कोई मतभेद नहीं,लेकिन गृह मंत्रालय के सवाल पर चुप रहे;कल शाम मुंबई पहुँचे
7 6 दिसंबर को शंभू बॉर्डर से पैदल दिल्ली कूच करेंगे किसान,सड़क पर बिताएंगे रात;रोड मैप जारी किया गया
8 आजादी के बाद की कहानियों में हुई हेराफेरी, धनखड़ बोले:सिर्फ चुनिंदा लोगों को दिया गया श्रेय
9 जीएसटी:नवंबर में सरकारी खजाना हुआ मालामाल,1.82 लाख करोड़ रुपए हुआ जीएसटी कलेक्शन
10 इस हफ्ते शेयर बाजार में गिरावट की उम्मीद:कमजोर जीडीपी आंकड़ों से लेकर आरबीआई बैठक तक 5 कारक तय करेंगे बाजार की चाल
11 जय शाह ने ICC चेयरमैन का पदभार संभाला:36 साल के शाह हैं सबसे युवा चीफ,कहा:महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे
12 उम्मीद है कि सदन कल से शुरू होगा,हम सभी इस पर सहमत हैं:TMC सांसद कल्याण बनर्जी
13 नोएडा एक्सप्रेसवे से बैरिकेडिंग हटाई गई, किसानों के हटने के बाद फिर शुरू हुई वाहनों की आवाजाही
14 ओम बिड़ला संग सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म,कल से सुचारू रूप से कामकाज की उम्मीद
15 दिल्ली कूच को अड़े किसान सड़कें खाली करेंगे,अब दलित प्रेरणा स्थल के अंदर धरना जारी
16 महाराष्ट्र:BJP ने तय किए ऑब्जर्वर,निर्मला सीतारमण-विजय रुपाणी को जिम्मेदारी
17 पश्चिम बंगाल विधानसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ TMC का प्रस्ताव पेश
18 महाराष्ट्र:एकनाथ शिंदे पड़े बीमार,गले में संक्रमण,महायुति नेताओं की बैठक कल के लिए स्थगित
19 महाराष्ट्र:CM चयन को लेकर जारी उठापटक के बीच आज दिल्ली रवाना अजित पवार
20 प्रियंका गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से 15 मिनट तक मुलाकात की
21 हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित
22 किसानों की बात सुनने के लिए तैयार है सरकार:केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान
23 संसद में शाम 4 बजे 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म देखेंगे पीएम मोदी
24 अडानी और संभल के मुद्दे पर संसद में विपक्ष का हंगामा,लोकसभा 12 बजे स्थगित
25 INDIA ब्लॉक के नेताओं ने की लोकसभा स्पीकर से मुलाकात
26 श्रीनगर:उबर ने शिकारा बुकिंग के साथ भारत की पहली वॉटर ट्रांसपोर्ट सर्विस शुरू की
27 नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिए चार हजार पुलिसकर्मी तैनात
28 भोपाल:17 साल के लड़के ने शूटिंग अकादमी में खुद को मारी गोली,मौत
29 धार्मिक स्थलों के सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे कांग्रेस के 2 नेता
30 कर्नाटक में BJP बनाम BJP, पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए विधायक यतनाल को नोटिस
31 तमिलनाडु: तिरुवन्नामलाई में भारी बारिश के बीच मिट्टी धंसी,7 लोग फंसे,रेस्क्यू में जुटी NDRF की टीम
32 कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने अडानी के मुद्दे पर लोकसभा में दिया स्थगन प्रस्ताव का नोटिस
33 IIT कानपुर के छात्रों से बोले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़,पराली जलाने की समस्या का समाधान खोजें
34 नोएडा के किसानों का दिल्ली कूच,बॉर्डर पर भारी पुलिस फोर्स तैनात
35 अमेरिका:राष्ट्रपति पद छोड़ने से पहले जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर के सभी आरोप माफ किए
36 आज कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवारों से मिलने संभल जाएगा
37 आज ईडी के सामने पेश होंगे राज कुंद्रा
38 दिल्ली की सीएम आतिशी के खिलाफ मानहानि मामले में आज होगी सुनवाई
39 ज्ञानवापी मामले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट आज सुनवाई करेगा
40 राहुल गांधी आज पुणे के MP/MLA कोर्ट में पेश होंगे,वीर सावरकर पर टिप्पणी का मामला;IMD ने केरल में रेड अलर्ट जारी किया,2 दिसंबर को भारी बारिश की आशंका



# राशि खन्ना आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय सैलिब्रिटी की साप्ताहिक लिस्ट में बनाई अपनी जगह

राशि खन्ना ने इस सप्ताह आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में स्थान हासिल करके एक बार फिर अपना पैन इंडिया स्टारडम साबित किया है। यह प्रतिष्ठित फीचर वैश्विक स्तर पर धूम मचाने वाले भारतीय सितारों को उजागर करता है, जो अभिनेताओं, निर्देशकों, लेखकों और अन्य को उनके प्रभाव और अपील के लिए मान्यता देती हैं। राशि का सूची में शामिल होना उनकी बढ़ती लोकप्रियता और दर्शकों से मिली प्रशंसा को दर्शाता है। उन्होंने हाल ही में द साबरमती रिपोर्ट में निडर पत्रकार अमृता गिल की भूमिका निभाते हुए एक शक्तिशाली प्रदर्शन किया। राशी के दिलचस्प चित्रण को दर्शकों और आलोचकों से व्यापक प्रशंसा मिली, जिससे एक बहुमुखी कलाकार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई। विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए, जिन्होंने एक पत्रकार की भूमिका भी निभाई, उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फिल्म की मनोरंजक कहानी में गहराई जोड़ दी। गोधरा के पास साबरमती एक्सप्रेस घटना के आसपास की दुखद घटनाओं पर आधारित, यह फिल्म इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय पर प्रकाश डालती है, जिसमें राशी का प्रदर्शन एक आकर्षण के रूप में सामने आता है। इसके अलावा राशि अपनी आगामी फिल्म तलाखों में एक में विक्रांत मैसी के साथ फिर से जुडने के लिए तैयार है, जो एक और आकर्षक सहयोग होने का वादा करती है। इसके अतिरिक्त, वह अपनी तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में राशी की उपस्थिति न केवल उनकी अपार प्रतिभा को रेखांकित करती है, बल्कि उन्हें भारतीय मनोरंजन परिदृश्य में सबसे अधिक मांग वाले सितारों में से एक के रूप में भी चिह्नित करती है।

# जेलर 2 के प्रोमो शूट से पहले रजनीकांत का धमाका, ब्रेकिंग बैड से इंस्पायर्ड पोस्टर किए रिलीज

हैदराबाद: रजनीकांत की जेलर 2 मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है और हो भी क्यों ना जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था. सीक्वल के लिए अनुमानित प्रोमो शूट से पहले, प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने अब जेलर कलाकारों के लिए शानदार पोस्टरों की एक सीरीज को लॉन्च किया है, जो हिट अमेरिकी नेटफ्लिक्स सीरीज ब्रेकिंग बैड से प्रेरित है. नए पोस्टर में ब्रेकिंग बैड से इंस्पायर्ड फॉन्ट और कलर थीम शामिल हैं, जिसमें लीड एक्टर रजनीकांत समेत फिल्म के बाकी कलाकारों को भी दिखाया गया है. पोस्टर्स दिखने में वाकई कमाल के लग रहे हैं. पोस्टर पर टैगलाइन



लिखी है, मैं खतरे में नहीं हूं, मैं खतरा हूं. अन्य पोस्टर्स में उनके को-एक्टर्स और मोहनलाल, शिवराजकुमार, जैकी श्रॉफ और विनायकन के किलर पोज जबरदस्त लग रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक नेल्सन दिलीपकुमार 5 दिसंबर को सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म का प्रोमो शूट करने की योजना बना रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक नया प्रोमो रजनीकांत के 74 वें जन्मदिन पर रिलीज किया जाएगा. प्रोमो शूट चेन्नई में होने की उम्मीद है. हालांकि फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि प्रोमो में वास्तव में क्या होगा. नेल्सन दिलीपकुमार की 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे साथ ही फिल्म दर्शकों और क्रिटीक्स को काफी पसंद आई थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत के पूर्व दामाद धनुष से सीक्वल में एक अहम रोल के लिए कॉन्टैक्ट किया गया है हालांकि ऑफिशियल पुष्टि अभी बाकी है. जेलर 2 रजनीकांत की सुपर-हिट 2023 क्राइम-थ्रिलर जेलर का सीक्वल है. एक्टर ने फिल्म में एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म करते हुए दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया. जो तमिलनाडु समेत सुपरस्टार के लंबे करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई. फिल्म में थलाइवा के साथ मोहनलाल, शिवा राजकुमार, राम्या कृष्णन, जैकी श्रॉफ, तमन्ना भाटिया, योगी बाबू और वसंत रवि जैसे कलाकार शामिल हैं.




# अब मन भर कमाई भी नहीं कर पा रही आई वांट टू टॉक

## 7 दिन का कलेक्शन शर्मनाक

शूजीत सरकार इंडस्ट्री के सबसे मशहूर निर्देशकों में से एक हैं. उनकी फिल्में न केवल एंटरटेन करती हैं, बल्कि दिलो-दिमाग पर अमिट छाप भी छोड़ती हैं. उनकी लेटेस्ट रिलीज आई वांट टू टॉक के साथ भी उन्होंने यही करने की कोशिश की. फिल्म में अभिषेक बच्चन की परफॉरमेंस की तो काफी तारीफ हो रही है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. फिल्म की शुरूआत ही काफी ठंडी हुई थी और अब इसके एक हफ्ते का कलेक्शन भी काफी शर्मनाक है. चलिए यहां जानते हैं आई वांट टू टॉक ने रिलीज के सात दिनो में कितना कलेक्शन किया है अभिषेक बच्चन स्टारर आई वांट टू टॉक को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब एक हफ्ता हो चुका है और इसका कलेक्शन रूला देने वाला है. वैसे ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर मु_ीभर कमाने करने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है. इस फिल्म की शुरुआत ही चंद लाख से हुई थी और इसके बाद तो इसका बुरा हाल हो गया. आई वांट टू टॉक एक हफ्ते बाद भी 2 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. ऐसे में ये फिल्म ना केवल सुपर फ्लॉप हो चुकी है बल्कि मेकर्स के लिए बड़े घाटे का सौदा बन गई है. फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने 25 लाख रुपये के कलेक्शन के साथ खाता खोला था. दूसे दिन फिल्म ने 55 लाख रुपये कमाए. इसके बाद, तीसरे दिन इसने 53 लाख रुपये कमाए. फिर चौथे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट देखी गई और इसने महज 17 लाख रुपये का कारोबार किया, पांचवें दिन फिल्म ने 18 लाख रुपये बटोरे. हालांकि, छठे दिन एक बार फिर बड़ी गिरावट देखी गई और ये केवल 12 लाख रुपये की कमाई कर पाई. वहीं अब फिल्म की रिलीज के सातवें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक आई वांट टू टॉक ने रिलीज के सातवें दिन 10 लाख का बिजनेस किया है. इसी के साथ आई वांट टू टॉक ने रिलीज की सात दिनों की कुल कमाई अब 1.94 करोड़ रुपये हो गई है. आई वांट टू टॉक के लिए अब बॉक्स ऑफिस पर टिकना नामुमकिन लग रहा है. 40 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने खूब जोर लगा लिया लेकिन ये 2 करोड़ की कमाई भी नही कर पाई है. ऐसे अब इसका टिकट खिडक़ी पर खेल पूरी तरह खत्म होता नजर आ रहा है. इसी के साथ ये फिल्म साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल बो चुकी है. आई वांट टू टॉक एक अकेले पिता की कहानी है. वह अपनी पत्नी से अलग हो चुका हैं और अपनी बेटी रेया के साथ रहता हैं. फिल्म में दिखाया गया है कि वह यूएस में रहने वाला एक मार्केटिंग जीनियस है, लेकिन अपने करियर के पीक पर, उसे लेरिन्जियल कैंसर की एडवांस स्टेड डायग्नोज होती है., उसके पास जीने के लिए केवल 100 दिन बचे हैं, जिसे वह अपनों के साथ बिताना चाहता है.

# मीरा राजपूत ने नवंबर में बिताए कुछ खास पलों को किया याद

शाहिद कपूर की पत्नी मीरा राजपूत ने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ नवंबर में बिताए गए कुछ खास पलों को शेयर किया। शाहिद कपूर की पत्नी अपनी एक खास पहचान रखती हैं। वह अपने जीवन से जुड़े खास पलों को अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। नवंबर खत्म होने से पहले मीरा ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। इन तस्वीरों में उन्हें अपने दोस्तों के साथ देखा जा सकता है। शेयर की गई फोटो में उनके स्किनकेयर रूटीन की झलक भी




देखी जा सकती है। हाल ही में मीरा राजपूत अपने अभिनेता पति शाहिद कपूर के साथ एक पारिवारिक शादी में शामिल हुईं, जिसमें अभिनेता ने अपने जोशीले गाने गंदी बात पर अपने डांस मूव्स दिखाए। इस कार्यक्रम की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं। एक क्लिप में कपूर को दुल्हन के साथ थिरकते हुए देखा गया। 21 नवंबर को जोड़े को एक शादी में देखा गया हैदर अभिनेता यहां क्लासिक ऑल-व्हाइट कुर्ता-पायजामा पहने दिखाई दिए। वहीं उनकी पत्नी मीरा एक साधारण लेकिन स्टाइलिश फ्लोरल ड्रेस में दिखाई दीं। शाहिद और मीरा ने 2015 में अरेंज मैरिज के साथ अपने शादीशुदा जीवन में कदम रखा। बता दें कि मीरा मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं। मीरा ने 2016 बेटी मीशा कपूर का जन्म दिया। 2018 में मीरा ने बेटे को जन्म दिया, जिसका नाम उन्होंने ज़ैन कपूर रखा। शाहिद अगली बार आगामी एक्शन-ड्रामा देवा में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज की तारीख आगे बढ़ा दी गई है। पहले यह फिल्म 14 फरवरी को रिलीज होने वाली थी। मगर अब यह 31 जनवरी को सिनेमाघरों में आएगी। इसकी घोषणा करते हुए निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर लिखा, आराम से बैठिए, क्योंकि इंतजार अब कम हो गया है, देवा 31 जनवरी, 2025 सिनेमाघरों में आएगी। हम आपको उम्मीद से पहले यह एक्शन से भरपूर थ्रिलर दिखाने के लिए उत्साहित हैं। अपने कैलेंडर पर यह तारीख दर्ज कर लें और एक ऐसे रोमांचक अनुभव के लिए तैयार हो जाएं, जिसे आप कभी नहीं भूल पाएंगे।



# ब्लैक आउटफिट पहन नेहा मलिक ने दिखाया बोल्ड अवतार, भोजपुरी क्वीन की हॉटनेस देख फैंस के उड़े होश



भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट किलर फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करती है तो वो तेजी से वायरल होने



लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग लुक में पोज देती हुई एक से बढक़र एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं। नेहा मलिक की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश जैकेट और ब्लैक पेंट पहना हुआ है। बालों की पोनीटेल बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे ने लिखा है- यू लुक सो गॉर्जिस। तीसरे यूजर ने लिखा है- लुकिंग गुड।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।